

खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :→ jabdesh1@yahoo.com



आज गांधी जयंती 2 अक्टूबर

# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 02 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –324 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



शास्त्री जी का जन्म दिवस आज

■ गांधी को स्वीकारने... ■ राहुल का साहसिक... 04
■ ईरान के आसमान में रहस्मय सिग्नल की... ■ अफगानिस्तान ने भारत में क्यों बंद किया... 09
■ कब और कैसे होती है फूलगोभी की खेती? ■ परवल की खेती कैसे की जाती है 11
■ लगातार तीसरे वर्ल्ड ... ■ निकहत जरीन को ... 10

# एशियाई खेलः भारत के लिये स्वर्णिम रहा रविवार



## एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने जीता सोना

**हांगझोउ।** चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ स्पर्धा में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।



## गोला फेंक स्पर्धा में तेजिंदारपाल का स्वर्णिम प्रदर्शन

भारत के तेजिंदारपाल सिंह तूर ने रविवार को एशियाई खेलों के गोला फेंक (शॉटपुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। तेजिंदारपाल तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है।



## पुरुष निशानेबाजी टीम ने भी जीता स्वर्ण

पुरुष निशानेबाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में कुवैत को रजत पदक जबकि चीन को तीसरे स्थान का कांस्य पदक मिला।



## पुरुष बैडमिंटन टीम ने जीता रजत, 37 साल बाद पहला पदक

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रजत पदक के साथ प्रतिस्पर्धा में 37 साल का पदक का सूखा समाप्त किया। एशियाई खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में यह भारत का पहला रजत था। आखिरी बार पुरुष टीम ने 1986 के सियोल संस्करण के दौरान एशियाई खेलों में कांस्य पदक हासिल किया था।

## सार संक्षेप

### बीआरएस नेता कासिरेड्डी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधान परिषद सदस्य कासिरेड्डी नारायण रेड्डी ने कांग्रेस में शामिल होने का इरादा व्यक्त करते हुए रविवार को पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। नारायण रेड्डी ने रविवार सुबह अपने आवास पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष , सांसद एन. रावेंथा रेड्डी, के साथ बैठक की और उसके बाद अपना औपचारिक त्याग पत्र जारी किया।

### जम्मू–कश्मीर में नार्को टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने रामबन जिले में नार्को टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जिले में बनिहाल के रेलवे चौक पर कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहे एक वाहन को रोका। जिसमें से 30 किलो कोकीन जब्त की गई। कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 300 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसी के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन एसएसपी रामबन और उनकी टीम को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर था। यह टीम लगातार ड्रग तस्करों और तस्करों के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए हैं। रामबन पुलिस ने पहले ही बड़ी संख्या में कुख्यात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## राहुल ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख

# निर्बल की रक्षा करना ही हिंदू धर्म



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर एक लेख लिखा। करीब डेढ़ पन्ने के इस लेख में राहुल ने हिंदू होने का मतलब बताया। राहुल ने सत्यम शिवम सुंदरम टाइटल वाले इस आर्टिकल में लिखा कि, निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। हिंदू इतना कमजोर नहीं होता जो हिंसा का माध्यम बने। राहुल लिखते हैं, कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है।

उन्होंने लेख में कहा, यह कहना कि हिंदू धर्म केवल कुछ सांस्कृतिक मान्यताओं तक सीमित है उसका अल्प पाठ होगा। किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष से बांधना भी उसकी अवमानना है। कांग्रेस नेता ने पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है। श्री गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रूपी इस महासागर में हम सब डूब–उतर रहे हैं। भय का जिक्र करते हुए >>शेष पृष्ठ 2 पर

### जिंदगी प्रेम और उल्लास का महासागर

राहुल गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं। इसकी खूबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है– वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ–हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय। इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।

### सबको आत्मसात करता है हिंदू

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर और सबको आत्मसात करता है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

# प्रदेश में चल रहा सामाजिक क्रांति का अभियानः शिवराज

## मुख्यमंत्री ने किया लाड़कुई में 154 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण



**भोपाल, देशबन्धु ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के लाड़कुई में 154.47 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक क्रांति का अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आम नागरिकों का जीवन बदलने का मिशन चल रहा है। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। गांवों में शानदार सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज,सीएम राइजस्कूल, अस्पताल बन रहे हैं। विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले भाई–बहनों को जूते– चप्पल, पानी की कुप्पी, साड़ी आदि सामग्री दी जा रही है। जनता की सेवा ही पूजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अब लाड़कुई के शासकीय महाविद्यालय में एम.ए की कक्षाएं प्रारंभ करेंगे। उन्होने कहा कि उन्होने यह महाविद्यालय शुरू करवाया था।

### जहां स्वच्छता वहीं ईश्वर-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल हाट बाजार में स्वच्छता ही सेवा अभियान में एक तारीख–एक घंटा–एक साथ कार्यक्रम में शामिल होकर श्रमदान किया। उन्होंने झाड़ू लेकर परिसर में सफाई की। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की वॉल पर जहां स्वच्छता वहीं ईश्वर लिखकर प्रदेशवासियों को स्वच्छता संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जहां स्वच्छता है, वहां सुंदरता है, जहां अच्छा स्वास्थ्य है, प्रसन्नता है और ईश्वर भी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सदैव स्वच्छता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के साथ ही स्वच्छ भारत अभियान चलाया। उनके आह्वान पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। मध्यप्रदेश देश का स्वच्छतम राज्य है। भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानी है। शहरी क्षेत्र में प्रदेश स्वच्छता में नंबर एक पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन भागीदारी के साथ स्वच्छता के लिए बेहतर प्रयास किए है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो-** कामर्शियल गैस सिलेन्डर और महंगा हो गया है।
**चुहिया- हां प्रिये-** अब तुम घर के खाने में ही मन लगा लो।

## फिर लगा महंगाई का झटका

# कमर्शियल सिलेंडर 209 रुपए महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की घोषणा की है। सूत्रों के मुताबिक एक अक्तूबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 209 रुपए बढ़ गई है। इस बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1731.50 रुपए में मिलेगा। एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपए की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपए हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की थी। इस तरह, पिछले दो महीनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 258 रुपए की कटौती की गई थी।

**रेस्टोरेंट में चुकाने पड़ सकते हैं अधिक पैसे-** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी से महंगाई पर असर पड़ सकता है। खास कर, रेस्टोरेंट में भोजन खाना के लिए आपको अधिक पैसे चुकाने पड़ सकते हैं। एक अक्टूबर 2023 से दिल्ली के अलावा अन्य महानगरों की बात करें तो, कोलकाता में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1636 >>शेष पृष्ठ 2 पर

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रामलीला मैदान में जुटी भीड़



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगभग 20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए हैं। इस समय देश के 5 राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू है जिसमें कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ व हिमाचल और महागठबंधन सरकार झारखंड शामिल है, वहीं 2022 में पंजाब में भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू है। कांग्रेस पार्टी भी इसे वापस लाने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों के इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, वह कर्मचारियों के इस आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, कर्मचारियों की मांगें जायज है, और सरकार को इसे लागू करना >>शेष पृष्ठ 2 पर

# मोदी ने तेलंगाना को दी 13,500 करोड़ की सौगात



### प्रधानमंत्री मोदी बोले, यहां भी ईमानदार सरकार की जरूरत

**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव करने का मन बना लिया है। अब यहां पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत है।

राज्य के लोगों ने भाजपा को मजबूत किया है। अब तेलंगाना में भाजपा की सरकार होनी चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुरुगल जिले में सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नाम ट्राइबल देवियों के नाम पर समक्का सारक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने हल्दी किसानों के हित के लिए नेशनल टर्मरिक बोर्ड का गठन भी किया है। फरवरी 2022 से ये लगातार छठी बार है, जब मुख्यमंत्री केसीआर राज्य में पीएम के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह राज्य के मंत्री तलसिनी श्रीनिवास यादव ने प्रधानमंत्री को एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

**कॉरिडोर से आवागमन होगा आसान-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नागपुर–विजयवाड़ा कॉरिडोर के जरिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र तक लोगों को आने–जाने की आसान सुविधा मिलेगी। इससे इन तीनों राज्यों में व्यापार, पर्यटन और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

**बीआरएस ने दौरे का विरोध किया-** प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से एक दिन पहले शनिवार को राज्य की सत्ताधारी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने हैदराबाद में पोस्टर्स लगाकर प्रधानमंत्री के दौरे का विरोध किया। पोस्टर में लिखा कि राज्य का अपमान करने के बाद प्रधानमंत्री को यहां आने का कोई अधिकार नहीं है। इन पोस्टर्स में संसद में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी की चार अलग–अलग तस्वीरें लगाई गई थीं।

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

## विश्वास

### 36 घंटे तक मूर्ति के सहारे समुद्र में था

# गणेश मूर्ति ने बचाई 14 साल के बच्चे की जान

गुजरात के सूरत शहर में समुद्र में डूब रहा एक लड़का आश्चर्यजनक ढंग से बच गया। 36 घंटे तक लड़का भगवान गणेश की मूर्ति के एक फ्रेम को पकड़कर तैरता रहा। आखिरकार मछुआरों की नजर उस पर पड़ी और उसकी जान बच गई। 14 साल के इस लड़के का नाम लाखन है। वह अपनी दादी सविताबेन भाई करण (11) और बहन अंजलि (10) के साथ शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सूरत के डुमस बीच की सैर करने गया था। उसी दौरान ये हादसा हुआ।

बच्चे अपनी दादी के साथ अंबाजी मंदिर गए थे। बाद में उनकी जिद पर दादी उनको डुमस बीच पर सैर कराने ले गई। बीच पर पहुंचते ही लाखन और करण समुद्र किनारे खेलते–खेलते नहाने लगे। इसी दौरान समुद्र में अचानक तेज लहर उठीं और दोनों भाई लहरों की चपेट में आ गए। वहां मौजूद कुछ लोगों ने किसी तरह करण को लहरों से बचाकर बाहर निकाल लिया, लेकिन लाखन लहरों में गुम हो गया।

**लड़के की सांसें चल रही थीं-** इसके बाद से ही रेस्क्यू, फायर, गोताखोर और मछुआरों की टीमें बच्चे को तलाश रही थीं। शनिवार देर शाम को कुछ मछुआरों की नजर लड़के पर पड़ी। पहली नजर में उन्हें लगा कि बच्चे की लाश तैर रही है, लेकिन जब मछुआरे उस तक पहुंचे तो देखा कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति के फ्रेम को पकड़े हुए था। हालांकि लड़का बदहवास हालत में था, लेकिन उसकी सांसें चल रही थीं। मछुआरों की सूचना पर रेस्क्यू और मेडिकल टीम भी बच्चे के पास पहुंचीं और प्राथमिक इलाज के बाद उसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया।

**परिवार ने छोड़ दी थी जिंदा होने की उम्मीद-** रेस्क्यू टीमें लाखन की तलाश में जुट गई थीं। शुक्रवार दोपहर से लेकर देर रात तक रेस्क्यू जारी रहा, लेकिन लाखन का कहीं पता नहीं चला। रेस्क्यू टीम के साथ परिवार के लोगों ने भी उसके जिंदा रहने की उम्मीद छोड़ दी थी, क्योंकि ज्वारभाटा के दौरान समुद्र में उठती भयानक लहरों के बीच किसी भी इंसान का जीवित बच पाना मुश्किल होता है। वहीं, लाखन तो सिर्फ 14 साल की उम्र था। लड़के लाखन के पिता का कहना है– हम अपने बेटे को मरा हुआ मानकर उसका शव लेने आए थे, लेकिन उसकी जान बच गई।

**तैरते हुए करीब 22 किमी दूर पहुंच चुका था**

नवसारी जिले के भट गांव के मछुआरे रसिक टंडेल पिछले 5 दिनों से अपनी टीम के 7 सदस्यों के साथ समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। टंडेल अपनी नाव से शनिवार दोपहर नवसारी तट से लगभग 22 किमी दूर जाल फेंक रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बच्चे को समुद्र में देखा। टंडन नाव उसके पास ले गए और समुद्र में छलांग लगा दी। जब वे लाखन के पास पहुंचे तो देखा कि वह गणेशजी की मूर्ति में लगे लकड़ियों के फ्रेम को पकड़े हुए था। वह बदहवास हालत में था, लेकिन मछुआरों की टीम ने उसे संभाल लिया। पहले उसे पानी दिया और इसके बाद चाय के साथ कुछ >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने गायक मंडली के 25 लोगों को अगवा किया, सुरक्षा बल तलाश कर रही

**अबुजा।** नाइजीरिया में दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओन्डो के ओसे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक स्थानीय चर्च के गायक मंडल के कम से कम 25 सदस्यों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ओन्डो में पुलिस के प्रवक्ता ओलुफुनमिलायो ओडुनलामी-ओमिसन्या ने शुक्रवार को घटित हुई घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ितों को बचाने और अपराध में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के अपहरण विरोधी दस्ते और अन्य सामरिक टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करते हुए कुछ पीड़ितों को बचाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# स्पेन के नाइट क्लब में आग, 13 की मौत

## छत भी गिरी, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका



**मर्सिया।** स्पेन के मर्सिया शहर में रविवार को एक नाइट क्लब में आग लग गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, आग के बाद क्लब की छत गिर गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। उन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आग लगने की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। वहीं, सरकार ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है। हादसे में घायल एक शख्स ने कहा- क्लब में अचानक से लाइट गुल हो गई। अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग चिल्ला रहे थे कि आग लगी है। फिर फायर अलार्म बज गया।

**पहली मंजिल पर 7 शव मिले**-एक पुलिस अधिकारी ने कहा- आग लगने से ला फॉन्डा क्लब की छत गिर गई। इस वजह से लोगों को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। हम फिलहाल ये नहीं जानते की आग सबसे पहले कहां लगी, लेकिन पहली मंजिल पर हमें 7 शव मिले।

**बर्थडे सेलिब्रेशन चल रहा था**-स्पेन के मीडिया के मुताबिक, क्लब में बर्थडे की कई पार्टियां चल रही थीं। सरकार ने तीन दिन के शोक की घोषणा करते हुए मर्सिया सिटी हॉल के बाहर लगा राष्ट्रीय झंडा आधा झुका दिया है।

स्पेन के आईलैंड टेनेरिफ इलाके के जंगल में लगी आग फैलती जा रही है। इमरजेंसी सर्विसेज ने यहां से 26 हजार लोगों सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर दिया है। एक लोकल लीडर के मुताबिक- आग का असर करीब 50 किलोमीटर इलाके में है। करीब 12 एकड़ क्षेत्र जल चुका है।

## जीएसटी संग्रह 10 फीसदी बढ़ा, चालू वित्त वर्ष में चौथी बार 1.62 लाख करोड़ के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा। यह 1.62 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले महीने सकल जीएसटी राजस्व 1,62,712 करोड़ रुपये रहा था। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,818 करोड़, राज्य जीएसटी 37,657 करोड़, एकीकृत जीएसटी 83,623 करोड़ (माल के आयात पर जमा 41,145 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,613 करोड़ (माल के आयात पर जमा 881 करोड़ रुपये सहित) था। वित्त मंत्रालय ने बयान के मुताबिक, सितंबर 2023 में जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने के 1.47 लाख करोड़ रुपये से 10 प्रतिशत अधिक रहा। घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व सालाना आधार पर 14 फीसदी अधिक रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में यह चौथी बार है कि सकल जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

# चीमा फौजी से लेकर मनवीर तक, कैसे ट्रूडो का कनाडा खालिस्तानी चरमपंथियों का बना पनाहगाह



**ओटावा।** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का कनाडा पैन-खालिस्तानी चरमपंथियों का घर बन चुका है। विदेशी धरती से ऑपरेट हो रहे खालिस्तानी तत्वों पर भारत के इंटेलिजेंस डोजियर से यह बात साबित होती है। इससे पता चलता है कि कनाडा खालिस्तानी चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े लोगों को शरण दे रहा है। हिन्दुस्तान टाइम्स अब तक कनाडा से ऑपरेट कर रहे खालिस्तानी-गैंगस्टर्स नेक्सस से जुड़े करीब 18 व्यक्तियों पर रिपोर्ट दे चुका है।

डोजियर से साफ होता है कि टहल सिंह और उसके सहयोगी कनाडा में रहते हुए पंजाब में अलगाववाद और हिंसा को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। टहल सिंह मूल रूप से पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। वह टोरंटो, ओंटारियो में रह रहा है और गुरजीत सिंह चीमा के साथ उसकी निकटता है। चीमा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन का सदस्य है। सिंह और चीमा ने 2015 में मान सिंह की टोरंटो यात्रा के दौरान उससे संपर्क करने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान स्वतंत्र खालिस्तानी राज्य की स्थापना को लेकर चर्चा हुई थी। सिंह और चीमा ने मान सिंह को पंजाब लौटने पर चरमपंथी मकसद की खातिर सिख युवाओं को भर्ती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए धन भी मुहैया कराया।

**टहल सिंह**- सिंह और चीमा की इन गतिविधियों से कनाडा के सिख युवाओं का झुकाव कट्टरपंथ की ओर होने की चिंताएं बढ़ गईं। मालूम हो कि पंजाब में टहल सिंह का इतिहास आपराधिक मामलों में शामिल होने को लेकर दागदार है।

हथियारों की तस्करी और आतंकवादी कृत्यों समेत अन्य अवैध गतिविधियों में उसका नाम जुड़ा है। कई मामलों को देखते हुए सिंह को घोषित अपराधियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। वह पंजाब में सिख युवाओं के बीच कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले प्रमुख चेहरों में से एक है।

**मलकीत सिंह**- मलकीत सिंह उर्फ फौजी आईएसवाईएफ और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। वह ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में रह रहा है। फौजी ने पंजाब में अपवित्रता की घटनाओं में शामिल हिंदू शिव सेना नेताओं और सिख प्रचारकों को निशाना बनाने के मामलों में बड़ी भूमिका निभाई। इसे लेकर उसने चरमपंथी मॉड्यूल के लिए स्थानीय-निर्मित हथियार मुहैया कराने में अहम किरदार निभाया। मलकीत सिंह ने ऐसे लोगों को बीकेआई आतंकी जसवंत सिंह उर्फ काला से मिलवाया। इससे आतंकवादी तत्वों के साथ उसके गहरे जुड़ाव का पता चलता है।

**मनवीर सिंह दुहरा**- खालिस्तानी चरमपंथी मनवीर सिंह दुहरा मूल रूप से पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। वह फिलहाल सेंट जॉन, ब्रिटिश कोलंबिया में रहता है।

वह पंजाब में चरमपंथी गतिविधियों के लिए, सिख युवाओं की पहचान करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने में शामिल रहा है। मनवीर ने लोकल-मेड वेपन खरीदने के लिए आईएसवायएफ मॉड्यूल सदस्य को धन भेजा था। साथ ही उसने बेअदबी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को टारगेट बनाने की खातिर मॉड्यूल सदस्यों को प्रेरित किया। इसके लिए उसने पंजाब का दौरा भी किया।

# राजस्थान में पहली बार मिलेगी 'घर से वोट' देने की सुविधा

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया ऐलान

**जयपुर, (एजेंसियां)।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की उच्च स्तरीय टीम पिछले तीन दिनों से जयपुर दौरे पर है। रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मैरियट होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'इस बार विधानसभा चुनाव में हम 'वोट फ्रॉम होम' की सुविधा देने जा रहे हैं, जिससे मतदाता बिना पोलिंग बूथ पर आए घर बैठे अपना वोट डाल सकेंगे। 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले मतदाताओं के लिए हम ये सुविधा शुरू करने जा रहे हैं। राज्य में ऐसे वोटर्स की संख्या 11.8 लाख है। इनके अलावा 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले 18,400 मतदाता भी हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के ऐसे मतदाताओं को फॉर्म-12डी भरना होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद 5 दिन के अंदर इसे भरा जा सकता है। मतदाताओं की फाइनल लिस्ट 4 अक्टूबर को जारी कर दी जाएगी।

**51 हजार पोलिंग स्टेशन बनेंगे**-राजीव कुमार ने आगे कहा, विधानसभा चुनाव के लिए पूरे राजस्थान में 51 हजार पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। हर पोलिंग बूथ पर एवरेज 1002 मतदाता वोट डालेंगे। ज्यादातर पोलिंग स्टेशन ग्रामीण इलाकों में बनाए जाएंगे। इनमें से 50 प्रतिशत पोलिंग स्टेशन से वेब कास्टिंग होगी, ताकि कोई भी गड़बड़ी हो तो तुरंत सामने आ जाए। इसके अलावा 200 बूथ ऐसे जिनकी जिम्मेदारी दिव्यांग अधिकारी संभालेंगे।

# असम के चार जिलों से अफ्सपा हटा, अन्य चार में बढ़ी मियाद

**गुवाहाटी, (एजेंसियां)।** सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्सपा) को रविवार से असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। असम पुलिस दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में, डीजीपी जी.पी. सिंह ने कहा कि डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, शिवसागर और चराइदेव जिले 'अशांत क्षेत्रों' के रूप में सूचीबद्ध रहेंगे। ऊपरी असम के ये चार जिले ऐतिहासिक रूप से उल्फा के गढ़ रहे हैं। 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना छह महीने के लिए वैध है, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) इसे बढ़ाने का निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से चार जिलों जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ से अशांत क्षेत्र का टैग हटा लिया गया है। 1990 के बाद से पूरा राज्य 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना के दायरे में था। हालाँकि, अफ्सपा के तहत 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना को केंद्र ने पिछले साल राज्य के नौ जिलों को छोड़कर सभी से हटा दिया था। मार्च में इसे एक और जिले से हटा दिया गया। पिछले महीने, राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव दिया था कि 'राज्य की सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार और उसके बाद त्वरित विकास' के मद्देनजर 1 अक्टूबर से सभी आठ जिलों से अशांत क्षेत्रों की अधिसूचना हटा दी जाए।


**न्यायालय - श्रीमती आरती ढींगरा, अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.**

वैभव श्रीवास्तव........आवेदक
विरूद्ध
सर्वसाधारण

सक्सेशन वाद क्र- 07/2023
पेशी दिनांक- 03/11/2023

**अतंर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैभव श्रीवास्तव उम्र 45 वर्ष, पिता प्रवीण श्रीवास्तव निवासी प्लेट नं. ए-2 सुमाधुरा सावन एम.टी.बी. नगर यूरो स्कूल हुडी नार्थ बैगलोर के द्वारा इस न्यायालय में अपनी बुआ स्नेह प्रभा श्रीवास्तव पति कृष्णकुमार श्रीवास्तव का धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र में लेख किया गया है कि स्नेह प्रभा का आवेदक विधिक वारसान हैं स्नेह प्रभा के बैंक ऑफ बडौदा शाखा गाडरवारा में एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा गाडरवारा में राशि जमा हैं जिसका उत्तराधिकारी एकमात्र आवेदक हैं अन्य सर्वसाधारण कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार यदि कोई हित रखता है तो नियत पेशी दिनांक 03/11/2023 पर उपस्थित होकर अपने अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। यदि दिनांक 03/11/2023 को न्यायालयीन समय पश्चात् दावा आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो अमान्य मानी जावेगी व प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु न्यायालय स्वतंत्र रहेगा। यदि किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण अगले दिन सुनवाई पर लिया जावेगा।

नोट- आज दिनॉक को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

गाडरवारा, दिनांक .... /09/2023

**(श्रीमति आरती ढींगरा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**न्यायालय - श्रीमती आरती ढींगरा, अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.**

सीमा नौरिया आयु 28 वर्ष आ0 मुलायम सिंह निवासी क्वाटर नम्बर 19, वार्ड नम्बर 4, हॉस्पिटल कलोनी रायसेन जिला रायसेन........आवेदिका
विरूद्ध
सर्वसाधारण

सक्सेशन वाद क्र- 13/2023
पेशी दिनांक- 06/11/2023

**अतंर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा नौरिया आयु 28 वर्ष आ. मुलायम सिंह निवासी क्वाटर नम्बर 19, वार्ड नम्बर 4, हॉस्पिटल कलोनी रायसेन जिला रायसेन के द्वारा इस न्यायालय में अपनी बड़ी माँ स्व. सोना बाई नौरिया का धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र मे लेख किया गया है कि स्व. सोना बाई नौरिया की आवेदिका विधिक वारसान है स्व. सोना बाई नौरिया के भारतीय स्टेट बैंक शाखा गाडरवारा में राशि जमा हैं जिसका उत्तराधिकारी एकमात्र आवेदिका हैं अन्य सर्वसाधारण कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार यदि कोई हित रखता है तो नियत पेशी दिनांक 06/11/2023 पर उपस्थित होकर अपने अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। यदि दिनांक 06/11/2023 को न्यायालयीन समय पश्चात् दावा आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो अमान्य मानी जावेगी व प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु न्यायालय स्वतंत्र रहेगा। यदि किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण अगले दिन सुनवाई पर लिया जावेगा।

नोट- आज दिनॉक को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

गाडरवारा, दिनांक .... /09/2023

**(श्रीमति आरती ढींगरा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**खास एवं आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा जिला कटनी, द्वारा शाखा प्रबंधक, की ओर से अधिकृत होकर उनकी ओर से एवं उनके निर्देशानुसार एतद् द्वारा आम / खास सूचना द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूँ कि ऋणग्रहीता/ बैंक के ग्राहक दीपक कुमार चौरसिया पिता अमृतलाल चौरसिया उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 झंडा चौक थाने के पास उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा जिला कटनी को 7,65,000 रुपये अंकन सात लाख पैंसठ हजार रुपये का संपत्ति विरुद्ध ऋृण कथित बैंक शाखा से दिया जाना प्रस्तावित है, जिस मद में उपरोक्त ग्राहक / ऋण ग्रहीता अपने स्वामित्व की ग्राम उमरियापान प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा जिला कटनी में स्थित भूमि खसरा नंबर 481/3/1/1 रकबा 0. 0163 है. व्यवसायिक उपयोग हेतु डाइवर्टिड भूमि पर निर्मित मकान जिसके पूर्व में दीपक चौरसिया का स्वयं का कच्चा एवं पक्का मकान पश्चिम में उमरियापान स्लीमनाबाद रोड उत्तर में किशनलाल / रेवाप्रसाद चौरसिया एवं दक्षिण में स्वयं के रास्ते के बाद गागा बूट हाउस है, को बैंक के समक्ष बंधक रख रहे हैं जिसका रजिस्टर्ड मॉर्डगेज होना है। अत: उक्त संपत्ति के बंधक होने पर अगर किसी आम / खास व्यक्ति अथवा किसी शासकीय / अशासकीय अथवा वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी मैखिक या लिखित आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर मय मूल दस्तावेजों के मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा जिला कटनी द्वारा शाखा प्रबंधक के समक्ष दर्ज करा सकते हैं। अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। वास्ते-मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा - उमरियापान तहसील ढ़ीमरखेड़ा जिला कटनी द्वारा शाखा प्रबंधक संजू कुमारी यादव मोबाइल नंबर

स्थान-सिहोरा, दिनांक-30/09/2023

**नागेश उपाध्याय, पेनल एडवोकेट**
**मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक,**
**सिहोरा, जिला-जबलपुर**


## पाकिस्तान से भीख मांगने सऊदी अरब जा रहे 16 लोगों को मुल्तान में प्लेन से उतारा गया

**इस्लामाबाद।** सऊदी अरब की चेतावनी के बाद पाकिस्तान सरकार और प्रशासनिक अधिकारी अब अरब देशों में जाने वाले यात्रियों की सख्ती से जांच कर रहे हैं। इसी कड़ी में सऊदी अरब जाने वाले 16 भिखारियों को एयरपोर्ट पर जांच एजेंसी के कर्मचारियों ने पकड़ लिया।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स को बताया कि पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पंजाब प्रांत के मुल्तान हवाई अड्डे पर 16 भिखारियों को उतार दिया, जो सऊदी अरब जाने वाली उड़ान में उमरा तीर्थयात्रियों के वेश में सवार थे।

पकड़े गए लोगों में 11 महिलाएं, चार पुरुष और एक बच्चा शामिल था, जो सभी उमरा वीजा पर यात्रा कर रहे थे।


**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

नि.आ. क्रं. 39/जी/सा-2/2023-24/ दिनांक 22.09.2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित (रु. में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7 |
| 1. | 39/सा./मु.अ./ 2023-24 दिनांक 22/09/2023 (प्रथम आमंत्रण) | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के 70 टन गेन्ट्री क्रेन में पावर सप्लाई हेतु 35 वर्ग एम.एम. 3 कोर कापर केबल बदलने का कार्य। | 1,97,945.00 (रू. एक लाख संतानब्बे हजार नौ सौ पैतालीस) मात्र | 4000.00 (रू. चार हजार) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in. का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 09.10.2023, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना**
**बरगी हिल्स, जबलपुर**

G-20584/23


## लखीमपुर खीरी हिंसा मामला

# दो साल बाद भी न्याय की बाट जोह रहे हैं पीड़ित

### चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी 171 गवाहों में से केवल चार ने बयान दर्ज कराए

**लखीमपुर खीरी,(एजेंसियां)।** 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के दो साल पूरे हो जाएंगे, जहां तिकुनिया पुलिस स्टेशन के तहत चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन पीड़ित अभी तक न्याय की बाट जोह रहे हैं। हालांकि, मामला कछुआ गति से आगे बढ़ता दिख रहा है और पीड़ित न्याय के लिए अंतहीन इंतजार कर रहे हैं।

वहीं मामले को लेकर राजनेता आगे बढ़ गए हैं और मामले में रुचि खो दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्रीय मंत्री अकाय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा, जो इस मामले के आरोपियों में से एक हैं, उनके खिलाफ मामले में अब तक 171 गवाहों में से केवल चार ने अदालत के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए हैं। आशीष को तीन कृषि सुधार कानूनों (निरस्त होने के बाद) के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने और तत्कालीन यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के क्षेत्र के दौरे के छह दिन बाद 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को एक एसयूवी ने कुचल दिया, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे थे। इसके बाद, एसयूवी चला रहे व्यक्ति और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर गुस्साए किसानों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी।

एफआईआर में कहा गया है कि हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी। जिला अदालत, लखीमपुर खीरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (प्रथम) सुनील कुमार वर्मा मामले की सुनवाई कर रहे हैं। पहले गवाह ने जनवरी 2023 में अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। कोर्ट में किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सुरेश सिंह ने कहा कि मामले को हर 8-10 दिन में एक बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, मुकदमा इस साल 12 जनवरी को शुरू हुआ क्योंकि अभियोजन और बचाव दोनों पक्षों की ओर से अदालत के सामने बड़ी संख्या में आरोपमुक्त करने के आवेदन आए। इस मामले में कई लोक सेवक भी गवाह हैं, जो हिंसा के समय लखीमपुर खीरी में तैनात थे। सिंह ने कहा, तत्कालीन डीएम, एसडीएम, एडीएम, एसपी, एएसपी, एस-आई और अन्य लोग मामले में गवाह हैं। हिंसा में मारे गए किसानों में से एक के पिता जगजीत सिंह 12 जनवरी, 2023 को अदालत में पेश होने वाले अभियोजन पक्ष के पहले गवाह थे। वह मामले में शिकायतकर्ता भी हैं।

# तमिलनाडु में टूरिस्ट बस 100 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 महिलाओं समेत 8 की मौत, 35 घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में हादसे का कारण आंखों पर सामने वाली गाड़ी की लाइट पड़ने को बताया जा रहा है, जिसके बाद टूरिस्ट बस का ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा। इसके तुरंत बाद बस लगभग 100 फीट नीचे खाई में जा गिरी।

फिलहाल घायलों को कुन्नूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शोक व्यक्त करते हुए मारे गए लोगों के परिवारों को 8-8 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख तो कम जख्मियों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। बहरहाल, जांच का सिलसिला जारी है। दुर्घटना मरापलम के निकट घटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु के दक्षिणी जिले कोयंबटूर के ऊटी से टूरिस्ट्स को लेकर एक मेट्टुपालयम जा रही थी। इसमें कुल 55 लोग सवार थे, जिनमें महिला-पुरुष और बच्चे शामिल थे। बस अचानक बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरी तो इसके तुरंत बाद चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा।

इस घटना के बारे में बात करते हुए कोयंबटूर जोन के पुलिस उप महा निरीक्षक सरवण सुंदर ने 3 महिलाओं, एक बच्चे समेत कुल 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर आगे की जांच-पड़ताल जारी है, वहीं अभी तक बस के ड्राइवर के आंखों पर सामने से पड़ी रौशनी की वजह से संतुलन खो बैठने की जानकारी सामने आई है, जिसके बाद बस नीलगिरि की पहाड़ियों में लगभग 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी और 8 लोगों की मौत हो जाने के अलावा 35 लोगों को चोटें भी आई हैं।


**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नगर परिषद न्यूटनचिखली, जिला छिन्दवाड़ा ( म.प्र.)**
फोन नं. 07161222249 ईमेल- cmonewtonchikhli@mpurban.gov.in

क्रमांक 984/ PWD/NP/2023 न्यूटनचिखली, दिनांक 29/09/2023

**/ / द्वितीय निविदा सूचना / /**

Online PERCENTANGE RATE TENDER bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_296125_2 Dtd. 03-10-2023 | REJUVENATION WORK OF COUMINTIY WELLS, UNDER AMRUT 2.0 SCHEME 1. Pump and Piping for (03 nos wells) 2. PCC flooring works near the wells (03 nos wells) 3. Steel work and Green nets (02 nos wells) 4. Perapare wall (02 Nos.) 5. Cleaning of well (03 nos. wells) 6. Rain water harvesting Pit (03 Nos.) 7. Repairing works (Golayee Kuwa) (01 no.) | 06 months including rainy season 9,83,000/- | 2,000/- 9,900/- | 11-10-2023 |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in 2. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PARISHAD NEWTONCHIKHLI


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**निर्बल की रक्षा...** उन्होंने लिखा जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए।

**कमर्शियल...** रुपये का नहीं बल्कि अब 1839.50 रुपए का मिलेगा। मुंबई में इसकी कीमत 1482 रुपए से बढ़कर 1684 रुपए, जबकि चेन्नई में ये 1898 रुपए में मिलेगा।

**पुरानी पेंशन...** चाहिए। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर हम कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर तुरंत पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे।'

**टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी**

रैली से दिल्ली का रामलीला मैदान खचाखच भरा पड़ा था। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठन इस रैली में शामिल हुए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी है बावजूद इसके कर्मचारियों की भारी संख्या रैली में हिस्सा लेने पहुंची है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की मांग प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

**दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे**-दिल्ली शिक्षक संघ (जीएसटीए) के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की देश भर से लाखों कर्मचारी दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे। आज रैली के आयोजन में प्रत्यक्षदर्शियों व प्रशासन के अनुसार सात लाख लोगों ने हिस्सा लेकर संख्या का इतिहास कायम किया। पेंशन शंखनाद महारैली में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों रेल, ऑर्डिनेंस, हेल्थ सेक्टर और शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के लाखों कर्मचारियों ने दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाल करने की हुंकार भरी हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा देश का किसान और मजदूर कर्मचारियों के साथ है वहीं कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली, समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के एमएलसी लाल बिहारी यादव ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

**गणश मूर्ति...**बिस्किट खाने को दिए। तब तक रेस्क्यू और मेडिकल की टीम यहां पहुंच चुकी थीं। यहां से लाखन को धोलाई पोर्ट ले जाया गया।

**मेडिकल जांच के बाद परिवार के सुपुर्द किया जाएगा**

बच्चे को नवसारी के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल की डॉक्टर शालीन पारिख ने बताया कि उसे आईसीयू में रखा गया है। फिलहाल वह स्वस्थ है, लेकिन अभी उसे कई मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। इसके बाद ही उसे परिवार को सौंपा जाएगा।

# देश-प्रदेश

उवाच

**वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता अभियान कारगर : डॉ. शाह**

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता के लिये अभियान कारगर होगा। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की विहार वीथिका में राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह का शुभारंभ प्रतीकात्मक पेंटिंग बनाकर किया गया। वन मंत्री ने डब्ल्यू, डब्ल्यू, एफ इंडिया द्वारा विहार वीथिका में शिकारी पक्षियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। डॉ. शाह ने भोपाल बर्डस हेंडबुक का विमोचन भी किया। मो. खालिक एवं डॉ. संगीता राजगीर, के द्वारा भोपाल बर्डस हेंडबुक तैयार की गई।



राज्यपाल पटेल ने प्रदेश के मतदाताओं से किया आह्वान

## चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं



भोपाल, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से आहवान किया है कि आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं। राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आदर्श प्रस्तुत करें। श्री पटेल ने युवाओं से कहा है कि लोकतंत्र के उत्सव को जिद, जोश और जुनून के साथ मनाने के वरिष्ठ नागरिकों के भाव और भावनाओं से प्रेरणा लेकर आगामी निर्वाचन में मतदान के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सबसे पहले करें मतदान उसके बाद कोई दूसरा काम।

राज्यपाल श्री पटेल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ मतदाताओं श्रीमती पांचो बाई पाल और श्री चन्द्र भूषण श्रीवास्तव का उनके पास जाकर सम्मान किया। आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के सभागार में हुए कार्यक्रम में पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन और राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी और भोपाल जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मज़बूती और जीवंतता का आधार निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाता की सक्रिय सहभागिता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मज़बूती के लिए जितना जरूरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है, उतना ही महत्वपूर्ण मतदान में मतदाताओं की अधिकतम सक्रिय भागीदारी भी है। उन्होंने समाज के वंचित समुदाय के मतदाताओं में मतदान को पवित्र कार्य मानने के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गुजरात के नगरीय चुनावों के दौरान मतदान से पूर्व रात्रि में एक परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। परिवार ने मतदान को जरूरी जिम्मेदारी मानते हुए पार्थिव देह का अंतिम संस्कार प्रात: साढ़े सात बजे से पहले संपन्न कर दिया जिससे समुदाय के सभी व्यक्ति मतदान कर सकें। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहे अमीर-गरीब हो, शिक्षित-अशिक्षित हो, इसी समर्पण के साथ मतदान करना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र में सबसे पवित्र और मूल्यवान कार्य मतदान है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं के कर्तव्य पालन का ही प्रतिफल है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के गौरव के साथ सबल, समर्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण के पथ पर हम आज तेज गति से आगे बढ़ रहे है। उन्होंने सम्मानित सभी 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए, स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए सराहना की।

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता देश का भाग्य विधाता है, जिसके द्वारा चुनी गई सरकार देश का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र में ही संभव है कि भोपाल का सामान्य व्यक्ति, देश का राष्ट्रपति बन सकता है। इस व्यवस्था का संरक्षण और संरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने फेक न्यूज़ के बढ़ते संकट को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए वरिष्ठ मतदाताओं से युवाओं का मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। श्री रावत ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि ऐप की व्यवस्था से पूर्व जहाँ प्राप्त शिकायतों में से 99.99 प्रतिशत गलत निकलती थीं, वहीँ ऐप पर प्राप्त करीब 90 प्रतिशत शिकायतें सही पायी गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, अनुपम राजन ने अपने स्वागत उद्बोधन में निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध कराई गईं सुविधाओं की जानकारी दीं। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की शारीरिक क्षमताओं और आवागमन के दृष्टिगत जिला स्तर पर उनके घर पर सम्मान की व्यवस्था की गई है।

चंदेरी में लाड़ली बहना सम्मेलन : मुख्यमंत्री ने भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत 2 हजार पट्टे किए वितरित, कहा

## विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी



### जागेश्वरी माता मंदिर लोक विकसित किया जायेगा

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अशोक नगर और चंदेरी क्षेत्र के विकास के लिये पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। किसानों के लिये सूखे के संकट में हर संभव मदद की जायेगी। राज्य सरकार उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। उन्हें सर्वे कराकर जल्द राहत राशि वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंदेरी के ऐतिहासिक जागेश्वरी माता मंदिर में जागेश्वरी माता मंदिर लोक बनाया जायेगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद के.पी. यादव सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत दो हजार पट्टे वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जनता के कल्याण की योजनाओं को लागू किया है। पिछली सरकार ने हमारी कई योजनाएं बंद कर दीं थी। हमारी सरकार ने कन्यादान योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी जन-कल्याणकारी योजनाओं को फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ। मेरे मन में विचार आया कि बहनों को साल में एक बार पैसा देने से काम नहीं चलेगा। हर महीने एक हजार रुपए उनके बैंक खातों में डालूंगा। यह राशि एक हजार से बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी है। धीरे-धीरे लाड़ली बहनों के खातें में यह राशि बढ़ाकर तीन हजार कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे पात्र लोगों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाकर दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना जमीन के नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की बहनों को अब रसाई गैस 450 रुपए में दी जाएगी। जिन लाड़ली बहनों के नाम रसोई गैस नहीं है, उनके पति के नाम पर दर्ज सिलेंडर बहनों के नाम ट्रांसफर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब और ग्रामीण बच्चों के लिए निजी स्कूलों से भी बेहतर सीएम राइज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पांचवी और आठवीं पास करके दूसरे गांव जाने वाले बच्चों को साइकिल, बारहवीं में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और अपनी शाला में टॉप करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेडिकल, आईआईटी, इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर घर में परिवार के एक सदस्य को रोजगार देंगे।

### गरीबों के हित में काम कर रहे : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के हित में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंदेरी को 50 बिस्तर के अस्पताल की सौगात दी है। चंदेरी क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व है। यहां का किला और साड़ी विश्व में प्रसिद्ध हैं। चंदेरी में राजघाट परियोजना से पीने का पानी पहुंचाया है। मध्यप्रदेश में बेटियां बोझ नहीं वरदान हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश में महिलाओं, बेटा-बेटियों, किसानों, युवाओं, गरीबों सहित सभी वर्गों के हित में काम कर रहे हैं।



## हेलीकॉप्टर की खेत में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर को बैरसिया के डूंगरिया गांव में बने एक डैम के पास लैंड कराया गया है. गांव वालों का कहना है कि हेलीकॉप्टर डैम के आस-पास काफी देर से चक्कर लगा रहा था, उसके बाद फिर वो खेत में उतर गया।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर के आस-पास के गांवों के लोग सैकड़ों की संख्या में हेलीकॉप्टर देखने के लिए पहुंचे हैं. एयरफोर्स के सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी 6 जवान सुरक्षित हैं और तकनीकी खराबी की जांच करने के लिए एक टीम बुलाई गई और परीक्षण के बाद हेलीकॉप्टर को रवाना कर दिया गया। यह लैंडिंग भोपाल एयरपोर्ट से 50 किलोमीटर दूर डुंगरिया डैम के पास हुई है. इससे पहले मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी. यह लैंडिंग नयागांव थाना इलाके के जखमौली गांव में सिंध नदी के बीहड़ में कराई गई थी. एयरफोर्स की ओर से बताया गया था कि हेलीकॉप्टर को रुटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड करानी पड़ी थी।

## प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं नाटककार त्रिपुरारी शर्मा का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से देश की जानी मानी रंगकर्मी त्रिपुरारी शर्मा का महज 67 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। वे लिवर की असाध्य बीमारी से पीड़ित थीं। उन्हें दो लिवर का प्रत्यारोपण किया जाना था लेकिन उससे पहले सिकन्दराबाद में उनका निधन हो गया।

1956 में जन्मी एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा कॉलेज से स्नातक उपाधि प्राप्त त्रिपुरारी जी ने 1979 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से निर्देशन में डिप्लोमा किया। वे 1996 में एनएसडी के संकाय में शामिल हुईं। इसी संस्थान में इस समय वे अभिनय की प्राध्यापक थीं।



उनका अधिकांश प्रारंभिक कार्य अलारिप्पु समूह के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था, जिसे उन्होंने 1983 में लोगों के बीच सामाजिक जागरूकता पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से स्थापित किया था। इस समूह ने बंद घरों में महिलाओं के जीवन पर रेशमी रुमाल जैसे सफल नाटक प्रस्तुत किए। मां और बेटी के रिश्ते से जुड़ी डायरी 'द गिफ्ट', और 'गड़रिया राजा' - सभी उनके द्वारा लिखित और निर्देशित हैं। बाद में, त्रिपुरारी शर्मा ने कई अन्य थिएटर समूहों के साथ काम किया है, जैसे कि एसआरसी रेपर्टरी कंपनी द्वारा प्रस्तुत उनका नाटक 'बहू' जो इंद्रप्रस्थ कॉलेज द्वारा भी खेला गया। लोक कला अकादमी, उज्जैन द्वारा प्रस्तुत 'विक्रमादित्य का न्यायासन', छत्तीसगढ़ और छोटा नागपुर के नाचा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'बिरसा मुंडा'; और 'काठ की गाड़ी' एनएसडी रेपर्टरी कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई। उनके अन्य महत्वपूर्ण नाटकों में अलखनंदन द्वारा निर्देशित भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित 'बांझ घाटी' शामिल है। कानपुर की तवायफ़ पर 'अज़ीज़ुन', 2002 के गुजरात नरसंहार पर 'बीच बीच शहर', और एचआईवी-पॉजिटिव रोगियों की संख्या पर 'शिफ़ा'। अपने नाटकों के अलावा त्रिपुरारी जी ने विजय तेंदुलकर के 'खामोश अदालत जारी है!', इंदिरा पार्थसारथी के 'नंदन कथाई', मोहन राकेश के 'आधे अधूरे' जैसे क्लासिक्स का भी निर्देशन किया। इनके अलावा विश्व साहित्य की प्रसिद्ध कृतियों - जैसे लोर्का का 'हाउस ऑफ बर्नाडा अल्बा', ब्रेख्त का 'गैलीलियो', पिरंडेलो का 'सिक्स कैरेक्टर्स इन सर्च ऑफ एन ऑथर' और शेक्सपियर का 'ओथेलो' पर आधारित नाटक भी उन्होंने तैयार किए। उनके नाटक 'बहू', 'अक्स पहेली', 'काठ की गाड़ी', 'रेशमी रुमाल' और 'अज़ीज़ुन' पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुए हैं।

त्रिपुरारी शर्मा ने आकाशवाणी के लिए किशोर जीवन पर आधारित रेडियो नाट्य धारावाहिक 'दहलीज़' की शुरुआती 26 कड़ियाँ लिखी थीं, जिनका निर्माण आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी राजीव कुमार शुक्ला और मुकेश सक्सेना ने किया था। यह धारावाहिक 1993-94 में सभी हिन्दीभाषी आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित होता था और बहुत लोकप्रिय हुआ था।

## प्रधानमंत्री मोदी आज ग्वालियर आएंगे, 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्वालियर आएंगे। इस दौरान वे 19 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी 5 को जबलपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



5 को जबलपुर भी आएंगे

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री 19 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. इस दौरान ग्वालियर में श्री मोदी आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी अंतर्गत 1,355 आवासों व अन्य इकाइयों का लोकार्पण कार्यक्रम, जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्वालियर और श्योपुर जिले की 3 जल प्रदाय परियोजनाओं का भूमिपूजन, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की 6 परियोजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं के साथ ही मध्यप्रदेश के 9 शहर विदिशा, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, आगर-मालवा शाहजहांपुर और ग्वालियर में 50 बिस्तरों की संख्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। श्री शर्मा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में अंतर्गत आने वाले दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, मालनपुर ग्वालियर में इंडियन ऑयल कारपोरेशन प्लांट, रतलाम टर्मिनल, उज्जैन शहर में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विक्रम उद्योग पुरी, ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आईटीआई इंदौर में शैक्षणिक भवन के निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 5 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

## शिरडी के साईं बाबा मंदिर में दान राशि में गोलमाल, भक्तों को दी फर्जी रसीद, एफआईआर दर्ज

**शिरडी।** साई धाम शिरडी मंदिर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हर दिन हजारों साईं भक्त साईं बाबा के दर्शन के लिए शिरडी पहुंचते हैं। दर्शन के साथ-साथ साईं की झोली में दान भी करते हैं, लेकिन साईंबाबा संस्थान द्वारा इस दान में गबन का मामला दर्ज कराने के बाद हड़कंप मच गया है। साईं भक्त द्वारा दिए गए दान की फर्जी रसीद देकर दानकर्ता सहित साईं बाबा संस्थान को धोखा देने वाले कर्मचारी के खिलाफ शिरडी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले साईंबाबा संस्थान को एक गुमनाम पत्र मिला था। पत्र में आरोप लगाया गया है कि दान कक्ष में कार्यरत संविदा कर्मचारी दानदाताओं को फर्जी रसीद दे रहा है। जब साईंबाबा संस्थान ने इस बारे में जांच की तो गड़बड़ी का पता चला और उक्त मामले के बारे में शिर्डी पुलिस से संपर्क किया गया। शिर्डी पुलिस निरीक्षक एस।पी शिरसाठ ने बताया कि साईंबाबा संस्थान में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत दशरथ चासकर द्वारा गबन का मामला सामने आने के बाद साईंबाबा संस्थान के प्रभारी लेखा अधिकारी कैलास खराडे ने शिकायत दर्ज करायी है। जिसके बाद शिरडी पुलिस स्टेशन में चासकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच चल रही है।

वहीं, शिरडी पुलिस ने संभावना जताई है कि इस मामले में आरोपी के अलावा और भी लोग शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस तरह से कितने लोगों को दान की फर्जी रसीदें दी गई हैं। साईं भक्तों का कहना है कि वे बड़ी आस्था और विश्वास के साथ ट्रस्ट को दान देते है, इसलिए दान में हेरफेर करने वाले धोखेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। फ़िलहाल पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार नहीं किया है और मामले की छानबीन जारी है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 27/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दिव्या दुबे पत्नी अनिलकांत मिश्रा, श्री अनिलकांत मिश्रा पिता श्री बाबूलाल मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पी. नं. -48 स्वीश बिला/फैस-1 मण्डला रोड तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004442067 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1124 व.फु. जिस पर पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज सी.एम.बी. बिल्डकॉन द्वारा पार्टनर- श्री संदीप विजन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 23/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती श्वेता कुमारी पत्नी श्री प्रेम कुमार निराला ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 110 राजुलसिटी/फैस-3 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004400833 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1303 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजेश मेहता पिता स्व. श्री रतिलाल मेहता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2701754A, RANK-EX GDR, NAME-GAYASUDDIN, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 (20 GRENADIERS) R/O VILLAGE- BARHPURAWA, POST- DUMAWALIYA, TEH-SALEMPUR, DISTT-DEORIA, STATE- (UP) PIN- 274509 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम NOOR HAMZA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम NOOR HAMJA KHATOON हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड पेन कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम NOOR HAMJA KHATOON को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

गलत नाम - NOOR HAMZA
सही नाम - NOOR HAMJA KHATOON


## स्कूली बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, पिकनिक मनाने जा रहे थे, 27 गंभीर

**खरगौन।** एमपी के खरगौन स्थित जामगेट के समीप आज स्कूली बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने से 27 छात्रों के शरीर पर चोटें आई।

जिसमें दो की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। हादसे को देखते राह चलते लोग रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी बच्चों को महू के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायलों की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार इंदौर के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत हाई एवं हायर सेकेंडरी के स्टूडेंट्स बस में बैठकर पिकनिक मनाने के लिए निकले। बस जब जामगेट खरगौन से आगे बढ़ रही थी। इस दौरान सामने से आ रहे वाहन सवार को चालक ने साइड दी तभी वह संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही छात्रों में चीख पुकार मच गई। बस पलटते देख राह चलते लोग रुक गए, जिन्होने बस में सवार बच्चों को किसी तरह बाहर निकाला। हादसे में सभी बच्चों के हाथ, पैर, सिर व चेहरे में चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए महू के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायलों को भरती कर उपचार शुरु कर दिया गया है।

घायलों में दो छात्रों की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर हादसे की खबर मिलते ही छात्रों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस हो हटवाया, इसके बाद यातायात शुरु हो सका।

## ग्वालियर में कमलकांत सक्सेना अमृत जयंती समारोह संपन्न

**ग्वालियर, देशबन्धु।** 5 अक्तूबर को भोपाल में होने वाले 'कमलकांत सक्सेना अमृत जयंती समारोह' से पूर्व 'कमल प्रसंग' ग्वालियर अध्याय सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 30 सितंबर को हुए इस आयोजन में सर्वश्री सुरेश सम्राट, घनश्याम भारती, आशा सक्सेना, मनोज भटेले और दीप्ति दीप का सम्मान मंच ने किया, जिसमें सर्वश्री रामस्वरूप जी (वयोवृद्ध कवि), अखिलेंदु अरजरिया (पूर्व कलेक्टर एवं कमिश्नर), भवेश दिलशाद (युवा शायर एवं पत्रकार) एवं पुष्पा भारती (वरिष्ठ कवयित्री) शामिल थीं। स्वागत भाषण श्री माताप्रसाद शुक्ल ने दिया जबकि शिवपुरी से पधारी अणिमा अष्ठाना एवं साथियों ने श्री सक्सेना की काव्य रचनाओं की उत्कृष्ट सांगीतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। दतिया से श्री राज गोस्वामी ने अपने वक्तव्य में श्री सक्सेना पर केंद्रित आयोजन अन्य शहरों में भी किए जाने का प्रस्ताव रखा। श्री गीतेश एवं श्री लाहा ने भी श्री सक्सेना के अवदान पर अपनी बात रखी।

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# गांधी को स्वीकारने-नकारने की ऊहापोह

अपनी मृत्यु के 76 वर्षों के बाद भी सारी दुनिया जिस व्यक्ति के आगे नतमस्तक होती है, उनका अपना देश एक बार फिर उनकी जयंती मना रहा है। पिछले लगभग एक दशक से महात्मा गांधी की जयंती हो अथवा पुण्यतिथि, उन्हें याद करते वक्त देश के सामने यह द्वंद्व बराबर खड़ा होता है कि बापू को स्वीकारें या अब वे त्याज्य हैं? ऊहापोह की यह स्थिति तैयार की गई है, कृत्रिम है; वरना जैसे व जितने लम्बे समय से गांधी जी के नाम को मिटाने के प्रयास हुए हैं, वे सफल हो जाते तो उनके नाम पर होने वाले आयोजन कब के रुक गये होते। उनकी नश्वर काया को मिटाने वाले लोगों, विचारधाराओं और संगठनों ने सोचा भी न होगा कि शरीर छोड़ देने के बाद भी वे ऐसी लम्बी पारी खेलेंगे जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। उल्टे, उनका नामो-निशान मिटाने की जितनी कोशिशें हो रही हैं, गांधी का नाम उतना ही बोल्ड और ज़ूम होता जा रहा है। खैर, गांधी को सहेजने और निपटाने की इस रस्साकशी में देश सोमवार को उन्हें फिर से याद कर रहा है। उनके नाम पर होने वाले छोटे-बड़े आयोजनों में उन्हें भी शामिल होना पड़ता है जो यह करना कतई नहीं चाहते। करते भी हैं तो अनिच्छा से।

तो भी, गांधी का केवल नाम बचाये रखना काफी नहीं है। उनके विचारों को अमल में लाना आज भी भारतीय समाज के सामने एक बड़ा टास्क बना हुआ है। गांधी खुद का नाम अमर करने या देश भर में अपनी बड़ाई के किस्से प्रसारित करने के पक्ष में बिलकुल नहीं थे परन्तु उनके रहते और उनके बाद की दुनिया ने उनका कहा नहीं माना। ऐसा इसलिये क्योंकि गांधी विश्व के लिये ज़रूरी हैं। मानवीयता के लिये अपरिहार्य भी।

गांधी जी को इस हयात से रुख़सत हुए तकरीबन उतने ही साल हुए हैं जितनी पुरानी हमारी आजादी है। स्वतंत्र भारत ने अभी अपनी आंखें ठीक से खोली भी न थीं, कि उसके सामने यकायक बड़ा अंधेरा छा गया था- 30 जनवरी, 1948 को। फिर भी, वे ही रोशनी बने जिनकी अदृश्य ऊंगलियां थामकर हमारे रहनुमाओं ने देश को आगे बढ़ाया। कई सरकारें आईं और गईं। ऐसा नहीं कि इनमें सारे गांधीवादी थे। यहां तक कि उनके तत्काल बाद आई सरकारों ने तो गांधीवादियों की बीज-पुस्तिका 'हिन्द स्वराज' के कई सिद्धातों व विचारों को काटते हुए आधुनिकता का रास्ता अपनाया। बड़े कल-कारखाने, विशालकाय बांध तो उनके राजनैतिक वारिस और प्रिय शिष्य जवाहरलाल नेहरू ने बनवाये। इनके पूर्ण होने के काफी पहले ही बापू जा चुके थे। अगर वे होते भी या ऊपर से देख सकते तो वे खुश ही होते कि उनका पट्टशिष्य ये सारे उपक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिये कर रहा है। फिर, नेहरू ने गांधी के अमृत तत्वों को सहेजकर रखा और सियासत को उन पर हावी नहीं होने दिया। कमोवेश, यह सिलसिला वर्तमान सरकार के पहले तक जारी रहा और गांधी हर तरह की व्यवस्थाओं के बीच भी बच गये- 1991 में आई वैश्विक अर्थव्यवस्था की बाढ़ भी उस उपजाऊ मिट्टी को बहाकर नहीं ले जा सकी जिसमें गांधी विचारों के बीज छिड़के हुए थे। पीवी नरसिम्हा राव हों या आर्थिक सुधारों के पुरोधा डॉ. मनमोहन सिंह अथवा संचार क्रांति के प्रणेता राजीव गांधी- किसी ने भी अपनी कार्य प्रणाली से इस पवित्र नाम को दफ़्न नहीं किया।

गांधी को बचकानी व हास्यास्पद चुनौतियां देना हालिया राजनीति की देन हैं जिसने इसके लिये लम्बा इंतज़ार किया था। जितनी पुरानी हमारी स्वतंत्रता है या जितने साल बापू को जाकर हो गये हैं- उससे करीब 25 साल ज्यादा का। 1924 में बने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता आंदोलन का रास्ता अलग था, यह भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि ऐसी किसी राह पर यह संगठन चला ही नहीं। उलटे, वह गांधी जी के नेतृत्व में जारी संघर्ष का मुख्य अवरोध रहा। फिर भी, गांधी को लोग ससम्मान रास्ता देते गये और जनसामान्य को वे ही अपनी मुक्ति का मार्ग महसूस होते रहे। अब परिस्थितियां बदली हुई हैं। एक ओर भरी लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी बसपा सदस्य दानिश अली को सम्प्रदायकसूचक अपशब्द कहकर पार्टी के भीतर बड़ी जिम्मेदारी पा जाते हैं और गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने वाली प्रज्ञा ठाकुर को वे (मोदी) चाहें दिल से माफ न कर पाये हों, पर उन्हें बरास्ता भोपाल लोकसभा तक पहुंचाते हैं, वहीं पीएम जी-20 सम्मेलन में आये मेहमानों को राजघाट पर एकत्र कर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भारत आज भी गांधी का देश है। यह मोदी को हैरान से ज्यादा व्यथित करने वाला होता होगा कि दुनिया में वे जहां भी जाते हैं, गांधी जी उनका पीछा नहीं छोड़ते। उन्हें वहां के चौक-चौराहों पर लगी गांधी प्रतिमाओं के सामने शीश नवाना होता है- सिर्फ फोटोबाजी के लिये नहीं वरन स्वयं को एक मानवीय समाज का हिस्सा बतलाने के लिये। मेजबान हों या भारत आने वाले विदेशी मेहमान, उनकी पीड़ा को यह कहकर बढ़ाते हैं कि भारत की पहचान गांधी से है।

दिलचस्प यह है कि भारत में राजनीति करने वाले गांधी विरोधियों को भी अपनी प्रासंगिकता साबित करने के लिये गांधी का जपनाम करना पड़ता है। गांधी को अपशब्द कहकर वे कुछ सनसनी फैला सकते हैं, मनोरंजन भी करते हैं परन्तु इससे वे अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खो बैठते हैं। वह इसलिये क्योंकि आज भी बापू आदर्शों व मूल्यों के अल्टीमेट मानक बनकर ऐसी आसमानी ऊंचाई पर विराजमान हैं कि उन्हें धकियाकर कोई व्यक्ति या विचारधारा सभ्य समाज में चल-फिर नहीं सकती।

# राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!

गांधी जयंती से ठीक पहले राहुल गांधी ने बेमिसाल काम किया है। कठिन दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विषय पर लिखने का। परिवारवाद का आरोप हमें तो यहां बिल्कुल सही लगता है। अपने पूर्वजों की तरह लिखने पढ़ने से नाता जोड़े रखने की परंपरा कायम रखने को ही तो यह लोग परिवारवाद कहते हैं!

नेहरू ने कई किताबें लिखी हैं। बहुत गहन विषयों पर। इतिहास और संस्कृति पर। मगर यहां उद्देश्य नेहरू पर बात करना नहीं है। नेहरू तो इस प्रसंगवश आ गए कि राहुल उस परिवार के हैं तो वह डीएनए जो शब्द हमारे प्रधानमंत्री जी को बहुत प्रिय है और वह पूरे एक राज्य बिहार का बता रहे थे तो वह डीएनए लिखने पढ़ने का सत्य और साहस का देशप्रेम का तो आएगा ही।

मगर यहां बात शुरू की थी हमने गांधी जयंती से। तो गांधी जयंती पर राहुल ने लिखा है सत्यम शिवम सुन्दरम। हिन्दू होने का अर्थ। भय की तलहटी तक जाकर सत्य को देखने का साहस। यही तो गांधी जी कहते थे। हिन्दू होने का मतलब है- दया सहिष्णुता समावेश। गांधी जी के यंग इन्डिया, हरिजन और नवजीवन में छपे लेखों का एक संग्रह है हिन्दू धर्म क्या है! इसमें गांधी वही ढूंढ़ते हैं जो राहुल ने अपने इस लेख में तलाशने की कोशिश की है। और नेहरू फिर यहां आएंगे। अपने उन विचारों के लिए जिन पर सब से कम लिखा गया है और वह हैं- उनके अपने धर्म हिन्दू पर उनके विचार। हिन्दू पर वे कहते हैं कि बाकी सभी धर्मों की बातों की तरह यहां भी कई रुढ़ियां हैं। मगर हिन्दू धर्म क्रान्तिकारी और मौलिक विचारों पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जब सारी राजनीति हिन्दू पर की जा रही है और उसे एक वोट बैंक में बदलने की कोशिश की जा रही है तो गांधी-नेहरू की परंपरा में राहुल के इस विषय पर विचार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। राजनीति और धर्म को अलग रखने की बात बहुत पुरानी है। और जिसने यह कर लिया वह विकसित भी हो गया। यूरोप ने सबसे पहले किया था। चर्च ने खुद माना था कि राजनीति उसका विषय नहीं है और वह खुद को केवल धार्मिक कार्यकलापों तक ही सीमित रखेगी। यह दो सौ साल पुरानी बात है। फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद।

उसके बहुत बाद इन्डिया और पाकिस्तान दो देश एक साथ बने। इन्डिया ने राजनीति को धर्म से अलग रखा और उधर पाकिस्तान ने राजनीति पर धर्म हावी कर दिया। दोनों के परिणाम आप देख सकते हैं। किसी उदाहरण की जरूरत नहीं।

भक्त क्या कहते हैं कहने दीजिए। खुद प्रधानमंत्री भी कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। इन बातों को दुनिया में कोई गंभीरता से नहीं लेता। मजाक का विषय है। असली बात यह कि दुनिया भर में भारत के पढ़े-लिखे लड़के और लड़कियां जो नेहरू के बनाए आईआईटी, एम्स, आईआईएम और



शकील अख्तर

**हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है।**

दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़े थे पहुंच गए। और वहां अपने प्रोफेशनल काम से भारत का नाम ऊंचा किया। आज तो हम इस मानसिक दिवालिएपन का शिकार हो रहे हैं कि देश को इन्डिया नहीं भारत कहें। जैसे भारत कहने से दुनिया मान जाएगी कि मणिपुर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हैं। वहां सैंकड़ों चर्च नहीं जलाए गए। जिस पार्टी भाजपा की वहां दो-दो सरकारें हैं। केन्द्र और राज्य दोनों की जिन्हें वे गर्व से डबल इंजन कहते हैं उसके मणिपुर से केन्द्र में मंत्री जो विदेशी मामलों के मंत्री हैं आर के रंजन उनका घर दो बार जला दिया। और कहां राजधानी इंफाल में! खुद पार्टी भाजपा का प्रदेश कार्यालय जला दिया गया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर पथराव हुआ। वे कह रही हैं कि मेरा घर जला देगें। ये सब सरकार के लोग कह रहें हैं कि राज्य में कोई कानून व्यवस्था नहीं हैं।

मगर हम हर जगह प्रधानमंत्री विदेश मंत्री के सामने लगी नेम प्लेटों में भारत लिखवाकर ऐसे खुश हो रहे हैं जैसे इससे मणिपुर की खबरें दब जाएंगीं। दुनिया कहेगी टुरिज्म के लिए बेस्ट शांत और सुरक्षित जगह! खासतौर से महिलाओं के लिए!

संसद में जो आज तक नहीं हुआ। वहां खुले आम गालियां दी जा रही हैं। और देने वाले भाजपा सांसद को इनाम दिया जा रहा है। और हम सोच रहे हैं कि अगर नाम भारत हो जाए तो यह खबर कहीं नहीं पहुंचेगी कि भारत में धर्म के आधार पर सत्तारुढ़ पार्टी का सांसद गालियां देता है। और पार्टी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बदले उसे राजस्थान के टोंक में जो एक पुरानी नवाबी रियासत रही है वहां का इन्चार्ज बनाकर गाली अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए भेज देती है।

अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबंध हैं। वहां लाखों भारतीय काम करते हैं। बड़ी तादाद में विदेशी मुद्रा यहां भेजते हैं। उन देशों से और मधुर संबंध बनाने के लिए लोकसभा में दी गालियों का अरबी और अंग्रेजी में ट्रांसलेशन सिखा कर इन सांसद महोदय को वहां विशेष दूत बनाकर भेजना चाहिए।

तो ऐसे समय में जब सब कुछ वोटों के लिए हो रहा हो। देश की संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, विदेश में उसके सम्मान किसी की कोई चिन्ता न हो। वोट चुनाव जीतना ही सिद्धांत निष्ठा सब बन जाए तब राहुल का यह लिखना साहस का काम है कि निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही हिन्दू धर्म है। संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

उनके पास चुनाव जीतने का एक ही तरीका है। नफरत और विभाजन की राजनीति। मणिपुर में चर्च जल रहे हैं। ट्रेन में नाम पूछकर ड्यूटी पर सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही मुसलमानों को गोली मार रहा है। स्कूल में एक जगह शिक्षिका एक मुसलमान लड़के को दूसरे लड़कों से पिटवाती है। तो दूसरी जगह टीचर लड़कियों को जातिसूचक नाम से पुकार कर रोज उनका अपमान करते हैं। मध्य प्रदेश में एक आदिवासी के सिर पर भाजपा का नेता पेशाब करता है। ऐसी जाने कितनी घटनाएं पिछले साढ़े 9 साल में हुई हैं। मुसलमानों की लिंचिग, दलितों को गुजरात में कपड़े उतार कर खंबे से बांध कर मारना। दलित छात्र रोहित वेमुला को इतना सताना कि उसे होस्टल से बाहर निकलना पड़े और फिर आत्महत्या करना पड़े। कितनी एक से एक अमानवीय घटनाएं हैं। भयावह! पूरे देश को भय के अंधे कुएं में धकेल देने की कोशिश।

इसी के खिलाफ राहुल बोलते हैं। लड़ रहे हैं। और अभी यह लेख लिखा है। भय को पहचानने और उसे जीतने की कोशिश का। सबको साथ लेकर चलने का। सभी धर्मों का सार यही है। राहुल ने इसे हिन्दू धर्म के आइने में लिखा है। और सही है अपने धर्म का सही स्वरूप लोगों को बताना। ऐसे समय में तो बहुत जरूरी है जब धर्म के नाम पर ही राजनीति की जा रही हो। लेकिन जैसा कि इस लेख में राहुल ने लिखा धर्म को कुछ चीजों तक सीमित करना उसका अल्प पाठ होगा।

हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है। देश कल कौन सा रूप लेगा यह हिन्दू ही तय करेंगे। एक तरफ भाजपा है जो धर्म का विकृत रूप पेश करने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ राहुल हैं जो लिखकर उसका सौन्दर्य उदारता और करूणामयी रूप दिखा रहे हैं।

तय देश को करना है कि वह गांधी के धर्म के रास्ते जिसे राहुल ने बताने की कोशिश की है उस पर चलेगा या गोडसे के रास्ते पर जहां अब गोलियों के बाद गालियां हिंसक भाषा क्रूरता और विभाजन है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांधी : युग से आगे तक

■ **शैलेन्द्र भाटिया**

श्रेयान स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्सवनुश्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।

अर्थात ऊंचे परधर्म से नीचा स्वधर्म अच्छा है। स्वधर्म में मौत भी अच्छी है, परधर्म भयावह है। गीता के उक्त श्लोक का उल्लेख बापू गांधी ने अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में करते हुए कहा है कि देशभक्त को देश सेवा के एक भी अंग की यथासम्भव उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। गांधी का आविर्भाव एक युग का आविर्भाव है। बचपन में 'श्रवण-पितृभक्ति नाटक' और हरिश्चन्द्र की कथा को आत्मसात करने वाले मोहनदास ने पग-पग प्रयोग किये एवं सत्य को चुनते गये। विलायत में आर्नल्ड का 'गीता जी' का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ने वाले मोहनदास को 'गीता' के इस श्लोक ने एक रास्ता दिखाया -

ध्यायतो विशयान्पुंसः संगस्तेशूपजायते
संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधो भिजायते।।
क्रोधाद् भवति सम्मोहः सम्मोहत्स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंषाद् बुद्धिनाषो बुद्धिनाषात्प्रणष्यति।।

अर्थात विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष को उन विषयों में आसक्ति पैदा होती है, फिर आसक्ति से कामना पैदा होती है और कामना से क्रोध पैदा होता है। क्रोध से मूढ़ता पैदा होती है, मूढ़ता से स्मृति का लोप होता है और स्मृति लोप से बुद्धि नष्ट होती है, जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसका स्वयं का नाश हो जाता है। उपरोक्त दोनों श्लोक गांधी जी के अन्तर्मन में अन्त तक समाया रहा एवं एक पथ प्रदर्शक की तरह कार्य करता रहा। गांधी जी 10 जून सन् 1891 को बैरिस्टर बने थे। मोहनदास सितम्बर सन् 1888 में जब विलायत में बैरिस्टर पढ़ने के लिये रवाना हुए तो उनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी। इस युवावस्था में ही इन्होंने एडविन आर्नल्ड की 'गीता' व 'बुद्धिचरित' पढ़ा, मैडम बलवास्तकी की पुस्तक 'की टू थियोसाफी', बाईबिल (ओल्ड टेस्टामेण्ट एवं न्यू टेस्टामेण्ट) पढ़ी, यहीं पर इन्होंने ईसा के 'गिरि-प्रवचन' की 'गीता' से तुलना की। '' जो तुझसे कुर्ता मांगे, उसे अंगरखा भी दे दे, ' जो तेरे दाहिने गाल पर तमाचा मारे, बायों गाल भी उसके आगे कर दे' के संबंध में पढ़कर ये यहीं आनन्दित हुए। यहीं पर इन्होंने कार्लाइल की 'हीरो एण्ड हीरो वरशिप' पढ़कर पैगम्बर हजरत मौहम्मद के जीवन से अवगत हुये। नास्तिकता व आस्तिकता के बीच द्वंद भी इसी युवावस्था में विलायत रहने के दौरान हुआ। यहीं पर इन्होंने स्तुति, उपासना, प्रार्थना के संबंध में ज्ञान प्राप्त किया। लैटिन व फ्रेंच भाषा के जानकार मोहनदास ने यहीं पर ब्रम का 'कामन-ला', स्नेल की 'इक्विटी', विलियम्स और एडव्रर्ज की 'स्थावर संपत्ति', गुदीप की 'जंगम संपत्ति' और मेडन का 'हिन्दू-ला' पढ़ा। विलायत में बैरिस्टर की शिक्षा ने श्रवण कुमार, हरिश्चन्द्र, रामायण का ज्ञान रखने वाले मोहनदास को जहां विश्व के अनेक धर्मों से रूबरू कराया वहीं आधुनिक कानून की पढ़ाई का समन्वय कराकर एक 'तार्किक' मोहनदास का उदय हुआ। मोहनदास बैरिस्टर बनकर 12 जून सन् 1891 में 'आसाम' जहाज से, भारत के लिए रवाना हुए। अब मोहनदास लौटे तो 22 वर्ष के थे और फिरोजशाह मेहता या बदरूद्दीन तैय्यब जी जैसे कड़क वकील बनना चाहते थे। परन्तु मि. फ्रेडरिक पिंकट ने कुछ व्यवहारिक ज्ञान लेने के लिये और मेलेसन की पुस्तक ' सन् 1857 के गदर की ' किताब पढ़ने की सलाह दी। भारत लौटने पर पहला मुकदमा 'ममीबाई' का मिला। मुकदमें लड़ने की हिम्मत न आने व जज के सामने घबराकर मुकदमा छोडकर मेहनताना के 30 रूपये लौटाने वाले मोहनदास देश से अंग्रेजों को भगाने का सबसे बड़ा मुकदमा (आन्दोलन) लड़ेंगे, यह किसी को आभास नही था। मोहनदास पोरबन्दर की एक मेमन फर्म का दक्षिण अफ्रीका के चालीस हजार पौण्ड के दावे का मुकदमा लडने वाले वकील-बैरिस्टर के मदद के लिये दादा अब्दुल्ला के साझी सेठ अब्दुल करीम के प्रस्ताव पर द. अफ्रीका जाने के लिये राजी हुये। यह एक प्रकार की नौकरी थी, बदले में निवास तथा भोजन खर्च के अलावा 105 पौण्ड मिलना था। मोहनदास अप्रैल सन् 1893 में जब द. अफ्रीका गये तो 24 वर्ष के थे, जब लौटे तो 46 वर्ष के थे। 22 वर्ष द. अफ्रीका प्रवास रंगभेद के कड़वे अनुभवों से शुरू हुआ था जो बहुत कुछ भारत में प्रचलित छुआछूत जैसा ही था। नेटाल की राजधानी मेरित्सबर्ग में रेल के प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद भी गोरे-काले के भेद के आधार पर ट्रेन से उतार देने की घटना मोहनदास को अपने अधिकारों के लिये लड़ने की सबसे बड़ी प्रेरक घटना बनी। सन् 1893 के बाद बीच में गांधी जी सन् 1896, सन् 1901 में भारत लौटे थे। भेंट में मिली वस्तुओं व कीमती गहनों को कस्तूरबा से लेकर ट्रस्टियों के हवाले कर बैंक में रखने की घटना एक उल्लेखनीय घटना है। इन्होंने इसे इस धारणा से लौटा दिया था कि कौम की सेवा मैं पैसे लेकर नहीं करता। अपने राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के हस्तक्षेप से कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में प्रवेश पाने वाले गांधी आने वाले दिनों में देश के पर्याय बनने वाले हैं, इसका किसी को रंचमात्र भी यकीन नहीं था। गाय-भैंस का दूध त्याग कर केवल बकरी का दूध पीने वाले गांधी, मिट्टी के प्रयोग से पेट का कब्ज दूर करने वाले गांधी, सुबह का ब्रेकफास्ट न करने वाले गांधी, ज्ञान के लिये अनेकोनेक पुस्तकों का अध्ययन करने वाले गांधी अब मोहनदास से बदलकर मि0 गांधी हो चुके थे, वे पहचाने जाने लगे थे। देखने वालों की भीड जमा होनी शुरू हो चुकी थी। द. अफ्रीका अब आन्दोलन की नर्सरी बन चुका था। नये नये प्रयोग गांधीजी शुरू कर चुके थे। गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता। 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' व इण्डियन ओपिनियन जैसे समाचार पत्रों से अपने मौलिक विचार रखकर 'सत्याग्रह' की लड़ाई प्रारम्भ करने वाले गांधी जी कलम की शक्ति व इसके निरंकुशता को भलीभांति जानते थे। रस्किन बाण्ड की पुस्तक 'अण्टू दिस लास्ट' ने ऐसा प्रभाव डाला कि यह 'सर्वोदय' के जन्म का कारण बन गया। गांधीजी सर्वोदय के सिद्धान्त में निम्न को निहित मानते थे-

1. सबकी भलाई में हमारी भलाई निहित है।
2. वकील और नाई के काम की कीमत एक सी होनी चाहिये, क्योंकि आजीविका का अधिकार सबको समान है।
3. सादा मेहनत-मजदूरी का, किसान का जीवन ही सच्चा जीवन है।

भारतीय इतिहास में तीन महत्वपूर्ण वर्ष है, सन् 1757, सन् 1857 एवं सन् 1947। अंग्रेजो ने सन् 1757 से सन् 1947 तक कुल 190 वर्षों तक हिन्दुस्तान पर शासन किये। इन 190 वर्षों में से 158 वर्ष ऐसे समय में राज्य किया था, जब गांधी एक आन्दोलन बन नहीं उभरे थे। जब गोखले के निमंत्रण पर गांधीजी सन् 1915 में हिन्दुस्तान पहुंचे तो यह एक बड़ी और उल्लेखनीय घटना थी। उल्लेखनीय इसलिये कि स्वतंत्रता के लिये नरम-गरम दल अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे, कई क्रान्तिकारी फांसी पर झूल गये थे, तो कई जगह करों को न देने के लिये विद्रोह हो रहा था, पर पूरे देश में स्वतंत्रता के लिये एकल नेतृत्व या अखिल भारतीय नेतृत्व किसी एक नेता को प्राप्त नहीं था। गांधी के आगमन से एक आन्दोलन के लिए एक पृष्ठ भूमि का आधार तैयार होना शुरू हुआ। क्रान्तिकारी विचार के देशभक्तों ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व के सामने अपनी स्वीकारोक्ति दी। सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते है। आन्दोलन के इस पारखी प्राणी ने पूरे देश को एक कर दिया था। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक अब एक भारत, एक आवाज, एक आन्दोलन बन गया था। चम्पारन सत्याग्रह, खेडा आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा के लिये दाण्डी मार्च, भारत छोड़ो आन्दोलन गांधी जी द्वारा विभिन्न समय काल परिस्थिति में चलाये गये ऐसे आन्दोलन थे, जिसने स्वतंत्रता के लिये मार्ग प्रशस्त किये। सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था। कई देशों में नये चमकने वाले सूर्य की रोशनी का केन्द्र महात्मा गांधी बने। चरखा, खादी, बकरी, गांव, हरिजन, किसान, उपवास, सर्वोदय, अहिंसा, सत्याग्रह आदि शब्दों में पिरोये हुए महात्मा गांधी ने गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं दूसरे की गरिमा का सम्मान करने के लिये एक प्रकार का 'कोड ऑफ कन्डॅक्ट' रचा है। आज भारत विश्व में जो कुछ नामों से जाना जाता है, उसमें महात्मा गांधी एक प्रमुख नाम है। मेरे विचार से गौतम बुद्ध के बाद यदि किसी एक भारतीय व्यक्ति को सारा विश्व जानता है, तो वह महात्मा गांधी है। अपने युग से कई युग आगे तक।

(लेखक, विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण)

**सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे।**

जयंती

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

सहजता,सरलता और ईमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री कोटिशः नमन। 2 अक्टूबर को दो महान नेताओं का जन्म हुआ- एक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री।

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि- यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा', भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश के दूसरे प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द 'श्रीवास्तव' हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से सुशोभित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी। प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था।

**संजीव ठाकुर**

आपके पत्र

# संसद में बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा सदस्यों की मानसिकता का प्रतिबिंब

मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद भाषण, जो समाज में व्याप्त हो गया है, अब संसद पर भी प्रवेश कर चुका है। नये संसद भवन में आयोजित विशेष सत्र के आखिरी दिन, दिल्ली से भाजपा संसद सदस्य रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली, जो कि बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, के खिलाफ लोक सभा में बेहद गंदे और भद्दे मुस्लिम विरोधी विशेषणों का इस्तेमाल किया। बिधूड़ी द्वारा बार-बार दानिश अली को निशाना बनाते हुए 'मुल्ला आतंकवादी' और इससे बदतर शब्द कहे गये जो संसद में पहले कभी नहीं सुने गये थे। ऐसी आपत्तिजनक बातें कहते हुए बिधूड़ी के वीडियो को देश भर में हजारों लोगों ने देखा, जिससे व्यापक निराशा और आक्रोश फैल गया है।

सबको उम्मीद यही थी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व आपत्तिजनक बातें कहने वाले सदस्य के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचने पर खेद व्यक्त किया। इसके अलावा, मुस्लिम विरोधी दुर्व्यवहार की कोई निंदा नहीं की गई और न ही दानिश अली से कोई माफ़ी मांगी गई।

लोक सभा अध्यक्ष, जिन्हें बिधूड़ी को सदन से निलंबित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए थी, उन्होंने खुद को बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी देने और यह कहने तक ही सीमित रखा कि इस तरह के व्यवहार की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

यह उस तरीके के बिल्कुल विपरीत है जिस तरह से लोकसभा और राज्यसभा दोनों के पीठासीन अधिकारियों ने विपक्षी सदस्यों के साथ व्यवहार किया है जब भी उन्होंने लगातार मुद्दों को उठाने या सरकार से सवाल करने की कोशिश की है। राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित रहे और निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक विशेषाधिकार समिति उनके खिलाफ शिकायत पर फैसला नहीं कर लेती।

पिछले सत्र के दौरान आप के एक अन्य सांसद राघव चड्ढा को भी निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा में, आपसदस्य सुशील कुमार राठी को मानसून सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को विशेषाधिकार समिति की बैठक होने और उनकी सिफारिश करने तक निलंबित कर दिया गया।

बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले दानिश अली के पत्र का स्पीकर ने कोई जवाब नहीं दिया है। भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, भाजपा को उनका बचाव करने की अधिक चिंता है। निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसदों ने स्पीकर को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि यह दानिश अली ही थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'अशोभनीय' टिप्पणी करके बिधूड़ी को उकसाया था। बिधूड़ी के खिलाफ संसद में सख्त कार्रवाई करने में विफलता ने संसदीय संस्था को अपमानित किया है और सत्तारूढ़ दल द्वारा पोषित इस्लामोफोबिया की वैधता की मुहर लगा दी है। इससे पता चलता है कि बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा की समग्र मानसिकता का हिस्सा है।

**पी.सुधीर**

## वर्तमान परिवेश में आवश्यक है, महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन



जबलपुर. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी..., जिनके आदर्श सत्य और अहिंसा पर चलने का संदेश देते हैं। महात्मा गांधी के विचारों की क्रांति हमेशा से हर वर्ग के लोगों में जागरुकता की क्रांति जगाती आई है। इस दौर में बापू के सिद्धांत युवा वर्ग के लिए बेहद जरूरी हैं, क्योंकि उनके आदर्शों का पालन करना युवा पीढ़ी में नव चेतना का संचार करता है। युवाओं का कहना है कि महात्मा गांधी को नमन करने का दिन सिर्फ एक नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने देश में अहिंसा से विचारों की क्रांति लाने की परिभाषा लिखी है।

**हिंसा नहीं, बात से समस्या से हल**

बापू कहते थे हर कहीं हिंसा मायने नहीं रखती, कई बार बातचीत से भी समस्याओं का हल निकल आता है। बापू ने देश के कई बड़े आंदोलन अहिंसा के जरिए की लड़े हैं। युवाओं को इस बात से सीख लेनी चाहिए। समाज में फैली गलत धारणा लोगों को हिंसा की ओर ले जा रही है।

**आत्मनिर्भरता के लिए कौशल कला**

बापू ने हथकरघा कार्य से सभी को जोड़ा। इससे वे जहां वे स्वयं के लिए वस्त्र तैयार करते थे, वहीं उन्होंने महिलाओं को इससे स्वयंरोजगार से जोड़ने की राह दिखाई। उस समय पर स्टार्टअप और स्किल जैसी अवधारणा उन्होंने शुरू की थी। ऐसे में युवाओं को आत्मनिर्भरता के लिए कौशल कला से जुड़ना होगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन**

बापू का कहना था सामान्य जीवनशैली जी जाए और अपनी संस्कृति से जुड़ाव बरकरार रहे। वर्तमान में आधुनिकता की होड़ में लोग संस्कृति को भूलने के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में शामिल हो चुके हैं। युवाओं को सामान्य जीवनशैली जीने की ओर अग्रसर होना होगा।

समाज में समय के लिए कई बदलाव हुए हैं। युवाओं पर इसका असर अलग है। वे समय के साथ अक्रामक हो रहे हैं। कहीं ना कहीं उनके संस्कारों में कमी घर-परिवार वाले कर रहे हैं। ऐसे में गांधी की विचारधारा अपनाकर वे अच्छे व्यक्तित्व के साथ समाज निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

**- सीमा गुप्ता,** समाजशास्त्री

इन दिनों हर व्यक्ति के दिमाग में आक्रोश है। यह आक्रोश समाज बदलाव का नहीं रहता, बल्कि एक दूसरे से द्वेष दिखाने का होता है। युवा भले ही गांधी जी के हर आदर्श को फॉलो ना करें, लेकिन उनके शिक्षा, आत्मनिर्भरता और देश निर्माण के आदर्शों को जरूरी अपनाना चाहिए।

**- अलका तिवारी,** मनोवैज्ञानिक

## बरगी बांध के 5 गेट आधा मीटर खुले



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित रखने रविवार एक अक्टूबर की दोपहर 12 बजे इसके इक्कीस में से पांच गेट औसत आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला जाएंगा और 395 क्युमेक पानी की निकासी की जाएगी।

बाढ़ नियंत्रण प्रभारी बरगी बांध आरआर रोहित के अनुसार रविवार एक अक्टूबर की सुबह 6 बजे बांध का जलस्तर 423.00 मीटर रिकार्ड किया गया था। यह इसके पूर्ण जलभराव स्तर से 0.24 मीटर अधिक है। बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी के जल स्तर में तीन से चार फुट की वृद्धि होगी । बांध के निचले क्षेत्र के रहवासियों से नर्मदा नदी घाटों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की अपील की गई है।

## नई टाइमिंग मे गोंडवाना सहित इंटरसिटी और अन्य गाड़ियों के समय में परिवर्तन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे द्वारा 1 अक्टूबर से ट्रेनों के परिचालन समय में किए गए परिवर्तन से जबलपुर रेल मंडल की भी अनेक गाड़ियां प्रभावित हुई है जिसमें जबलपुर से चलने वाली तीन यात्री गाड़ियां प्रमुख है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर से निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन नंबर 22181 गोंडवाना एक्सप्रेस जो की दोपहर 15:30 बजे जबलपुर से रवाना होती है इसे अब दोपहर 15 .15 बजे अर्थात निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व रवाना किया जाएगा। इसी तरह जबलपुर से सिंगरौली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस नंबर 11651 जो की दोपहर 15.15 बजे जबलपुर से रवाना होती थी इसे पीछे करते हुए अब 16.25 बजे जबलपुर से रवाना किया जाएगा। जबलपुर से रीवा के बीच सुबह चलने वाली शटल एक्सप्रेस नंबर 11705 जो सुबह 7:20 बजे रवाना होती थी वो गाड़ी अब 10 मिनट पूर्व 7:10 बजे रवाना होगी। रीवा से अनंत बिहार के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 12427 जो की 16:40 बजे रवाना होती है उसे अब 16:30 बजे रीवा से रवाना किया जाएगा। श्री रंजन ने बताया कि उक्त समय में परिवर्तन 1 अक्टूबर से रेलवे द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अमरावती से नागपुर, इटारसी मार्ग से जबलपुर आने वाली ट्रेन नंबर 12159 जो पहले सुबह 6-55 पर आती थी वो अब लगभग 1 घंटे पूर्व सुबह 5.50 पर जबलपुर पहुंच जाएगी। इसी तरह चित्रकूट एक्सप्रेस भी लखनऊ से जबलपुर आते समय अपने निर्धारित समय से 10 मिनट विडंब से जबलपुर आएगी। श्री रंजन ने यात्रिगणों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा के पूर्व रेलवे के निर्धारित एप से अथवा पूछताछ नंबर से संपर्क करके ट्रेनों के आवागमन की जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे कि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।





## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारियों-कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अचंल कार्यालय के साथ ही नगर की सभी शाखाओं के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने 1 अक्टूबर को अंचल कार्यालय के आसपास एवं लल्जा शंकर झा रोड की साफ-सफाई की। इस सफाई अभियान के दौरान अंचल महाप्रबंधक अंकुर गुप्ता, सि.पी.सी. प्रमुख आशुतोष सेंगर सहित अंचल कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी और शहर की सभी शाखाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## सूर्या चाय ग्रुप के डबल धमाल लकी ड्रॉ में डीलर्स ने जीते आकर्षक पुरस्कार




**जबलपुर, देशबन्धु।** दिगंबर इंडस्ट्रीज के आयोजन में प्रीमियम क्वॉलिटी सुकून चाय की हुई शानदार लॉन्चिंग, शहर के व्यापारजगत की जानीमानी हस्तियां रहीं मौजूद, व्यापारिक चुनौतियों पर की चर्चा। दिगंबर इंडस्ट्रीज सूर्या चाय ग्रुप द्वारा डीलर्स के लिए डबल धमाल लकी ड्रॉ व प्रीमियम क्वॉलिटी सुकून चाय की लॉन्चिंग का आयोजन रविवार को विजय नगर स्थित कचनार क्लब में हुआ। जहाँ विभिन्न जिलों से पहुँचे डीलर्स ने लकी ड्रॉ में सहभागिता की। इस दौरान उन्हें आकर्षक पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर मिला। खास बात ये रही कि ग्रुप द्वारा अपने एक प्रीमियम ब्रांड सुकून चाय की शानदार लॉन्चिंग की गई। इस दौरान खटवानी ग्रुप के संचालक रोहित खटवानी जी एवं सूर्या चाय के डायरेक्टर अनुभव जैन जी ने व्यापारिक परिचर्चा भी की। उन्होंने व्यापार में हो रहे आधुनिक बदलावों व चैलेंजेस पर बात रखी। लकी ड्रॉ में डीलर्स को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।

## विवेक तन्खा ने अपना जन्मदिन महात्मा गांधी को समर्पित किया

### 400 सिलाई मशीनों का नि :शुल्क वितरण



**जबलपुर, देशबन्धु।** बलदीप सिंह मैनी ने बताया कि 2 को सुबह 11.00 बजे से मानस भवन प्रांगण में राज्यसभा सांसद, प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी विवेक कृष्ण तन्खा जी के जन्मदिवस के अवसर को यादगार बनाने के लिए जबलपुर नगर और आसपास के क्षेत्रों की 400 गरीब महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया जा रहा है। श्री तन्खा के परिवार द्वारा 400 सिलाई मशीनें गरीब और अपने पैरों पर खड़े हो स्वरोजगार करने की इक्षुक महिलाओं को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री तन्खा ने बताया कि उन्होंने महात्मा गाँधी जी की जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु ही आज के दिन का चयन किया है ताकि महिलायें स्वाबलंबी बनकर प्रदेश और देश की तरक्की में योगदान दें सकें।



## रेल मंडल पर एक घंटा एक साथ चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जबलपुर मंडल पर 16 सितंबर से प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर स्वच्छता ही सेवा एवं 1 तारीख 1 घंटा दस बजे कार्यक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम अपर महाप्रबंधक आर एस सक्सेना का अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा लाइफ प्लांट देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक आर.एस. सक्सेना द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही स्टेशन परिसर पर वृहद स्तर पर श्रमदान कर सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर सफाई वीरों को कपड़े की थैली (बैग) बांट कर उन्हें प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की अपील की।

इस कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओमप्रकाश, पीसीओएम वेणुगोपाल, पीसीपीओ प्रभात, पीसीएमएम डी.सी. अहिरवार, एडीआरएम प्रदीप कुमार, सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

## स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : राकेश सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर महात्मा गांधी जी की जयंती के एक दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया इसी क्रम में पश्चिम विधानसभा अंतर्गत पिसनहारी मढ़िया के पास नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक में सांसद एवं पश्चिम विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी राकेश सिंह ने महाराणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ परिसर की सफाई की। इस अवसर पर श्री सिंह ने सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए उन्हें माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र दिए।



**सफाई कर्मियों का किया सम्मान** - कार्यक्रम के दौरान सांसद ने उपस्थित नगर निगम सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए उन्हें माला पहनाकर प्रशस्तिपत्र दिए और अंत मे सांसद ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा प्रभारी राजीव बेंटिया, पूर्व आईएएस वेदप्रकाश शर्मा, हृदेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा, राहुल खत्री, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद जीतू कटारे, राहुल साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सराफ, प्रशान्त दुबे गुल्लन, शुभम अरिहंत, देव कुरारिया, अनुराग सोनी, कमलेश शर्मा आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रहलाद सिंह पटैल ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

जबलपुर, देशबन्धु। अक्टूबर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के अंतर्गत केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती के मदन महल किला परिसर में 1 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओ के साथ स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में भागादारी की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वच्छता संकल्प की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ जगेंद्र सिंह, राजकुमार पटेल, सुनीलपुरी गोस्वामी, अंजना मनीष अग्रहरी, शिव पटेल, सर्वेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह पटेल, अरविंद दुबे, सुभाष भाटिया, रामनिवास गौतम, ममलेष शर्मा, अजित सिंह, संजय लोधी, योगेष राठौर, अंजनी सोनकर, जनजातीय गौड़ संगठन, मणिनागेंद्र फाउंडेशन, नर्मदाखण्ड सेवा संस्थान, आशियाना संस्कार समिति, सहयोग युवा समिति, जन अभियान परिषद, नगर निगम, पुरातत्व विभाग, जिला प्रशासन आदि अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## प्रधानमंत्र का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : विष्णुदत्त शर्मा



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने जबलपुर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जबलपुर पधार रहे हैं और जबलपुर में कई प्रकार के विकास की सौगातें देने के साथ प्रधानमंत्री जी विराट आम सभा को संबोधित करेंगे। इसी की व्यापक तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक उमंग और उत्साह है। जी-20 देशों की बैठक और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बाद पहली बार जबलपुर की धरती पर पधार रहे हैं। महाकौशल और जबलपुर की भूमि पर प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसकी तैयारी में भारतीय जनता पार्टी जुट गई है। इस मौके पर प्रभात साहू, अजय विश्नोई, समेत अन्य नेता शामिल रहे।

## हिंदू मुस्लिम कौमी एकता कमेटी द्वारा विशाल इनामी दंगल का आयोजन



## हिंदू मुस्लिम कौमी एकता दंगल का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदू मुस्लिम कौमी एकता विशाल इनामी 2 दिवसायी दंगल का आयोजन मप्र. युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अब्दुल आमिर पहलवान के द्वारा फूटाताल मैदान में आयोजित किया गया जिसमें शहरी एवं अन्य प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपना जौहर दिखाया एवं शहर वासियों को जबलपुर के सबसे चर्चित विशाल इनामी दंगल में शानदार कुश्ती का आनंद लेने का मौका मिला।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आमिर पहलवान ने बताया कि इस विशाल इनामी दंगल का आयोजन विगत 10 वर्षों से किया जा रहा है, जिसमें जबलपुर जिले के समस्त अखाड़े के पहलवानों के साथ ही महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़ आदि क्षेत्रों से आए पहलवान कुश्ती में हिस्सा लेते हैं, बहादुर उस्ताद आखड़े के खलीफा कदीर खलीफा ने बताया कि इस दंगल के मुख्य संरक्षक लोकप्रिय क्षेत्रीय विधायक विनय सक्सेना जी, पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया जी, वरिष्ट नेता सुरेश यादव जी, जय घनघोरिया, मजहर उस्मानी, मुबीन पहलवान थे। कमेटी के मोहम्मद अली ने बताया कि इस दंगल आयोजन का उद्देश्य शहर एवं प्रदेश के प्रतिभावान


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 118 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 122 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 112 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 112 |

मो.-9039925000, 9425800409


## आज सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि रमनगर प्लांट में क्लियर वाटर पम्प के वाल्व को बदलने सहित अन्य कार्य किया जाना, जिसके चलते आज 02 अक्टूबर को संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियां से सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर, जलप्रभारी श्रीमती एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।


**आसान किस्तों में उपलब्ध**

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


## मेयर इन काउंसिल की बैठक 03 अक्टूबर को

जबलपुर। मेयर इन काउंसिल की बैठक 03 अक्टूबर मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी सचिव ने दी।






## सतना रेलवे स्टेशन पुर्नविकास का शिलान्यास

**जबलपुर, देशबन्धु।** सतना ररेलवे स्टेशन का रपुर्नविकास का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल जुड़े और उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह और पमरे जीएम सुधीर कुमार गुप्ता ने संबोधन दिया।



# 77 पॉइंट्स से रहे विनर रहे कोबरा गोल्फ कप में वैभव नायक



**जबलपुर,देशबन्धु।** आर्मी एनवायर्नमेंटल पार्क एंड ट्रेनिंग एरिया में एमबी एरिया में कोबरा गोल्फ कप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैन्य अधिकारियों ने ऐप्टा गोल्फ कोर्स की गोल्फ प्रतिस्पर्धा में गोल्फिंग का आनंद लिया। स्ट्रोक प्ले प्रतियोगिता में 18 होल शामिल थे। कार्यक्रम में शानदार शॉट्स और रोमांचक मूव्स नजर आए।

77 पॉइंट्स से रहे विनर

कोबरा गोल्फ कप में वैभव नायर ने 77 पॉइंट्स बनाकर अपने कॉम्पीटिटर को दो स्ट्रोक से हराया। उपविजेता लेफ्टिनेंट कर्नल संजय कुमार थे, जिन्होंने 77 पॉइंट्स प्राप्त किए। अधिकारियों ने बताया कि एप्टा द्वारा गोल्फ कोर्स का निर्माण पर्यावरण संरक्षण, सैन्य प्रशिक्षण और रोमांचक गतिविधियों के लिए किया गया था।

पुरस्कार वितरण का खुशी

कोबरा गोल्फ कप का समापन पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ। इसमें एमबी एरिया, जीओसी, लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए।



# परेड एवं सांस्कृतिक दक्षता का परीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** आठ जिलों से आए 90 प्रतिभागियों की परेड और सांस्कृतिक दक्षता से जुड़ी योग्यता परखी गई।

चयन प्रक्रिया में चयनित किए गए। चयनित स्वयंसेवक दिल्ली में होने वाली कर्तव्यपथ की परेड में हिस्सा लेंगी। रानी दुर्गावती विवि ग्राउंड में एनएसएस का प्रीआरडीसी चयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण सम्पन्न हुआ। प्रक्रिया में चार चरण हुए।

पंजीयन के बाद उनका शारीरिक, साक्षात्कार का परीक्षण हुआ। तीसरे चरण में कदमताल में योग्यता देखी गई।अंतिम चरण में सांस्कृतिक--चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में सांस्कृतिक योग्यता को परखा गया। इस मौके पर प्रो. राकेश वाजपेयी, डॉ. अशोक मराठे, क्षेत्रीय निदेशालय प्रतिनिधि राजकुमार वर्मा, मध्यप्रदेश शासन प्रतिनिधि डॉ. दिलेश्वर ग्वालवंशी, इंस्ट्रक्टर चक्रवर्ती, हवलदार बी. हलधर, डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. ज़रीना जॉन चौधरी, डॉ. देवांशु गौतम मौजूद थे।

# शा. मो. महिला महाविद्यालय में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मनित किया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंर्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर, जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा वृद्धजन मतदाताओं का सम्मान समारोह शासकीय मोहन लाल हरगोविंद दास महिला महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डा. शोभा जौहरी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सरस्वती वंदना एवं वरिष्ठ अतिथियों में डा. शशिबाला श्रीवास्तव, मानिक लाल गुप्ता एवं गोपीचंद बर्मन के सम्मान एवं अभिनंदन के साथ हुआ। वरिष्ठजनों को आत्मीय सम्मान देने के लिए आधारित वृद्ध व्यक्तियों के योगदान को पहचाननेऔर उनके जीवन को प्रभवित करने वाले मुद्दोंपर प्रकाश डाला गया और वष्ठि




नागरिकोंके योगदान, ज्ञान, गरिमा और जरूरतों को स्वीकार कर वरिष्ठ जनों की समस्याओं के निराकरण के लिए नेशनल हेल्प लाइन नं. 14567 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन और आभार डा. गीता चौबे, रश्मि सिंगरौरे एवं रिर्पोटिंग विभा श्रीपाल तथा कुसुमलता रजक के द्वारा की गई ।.इस मौके पर बड़ी संख्या में वृद्धजनों साथ-साथ महाविद्यालय के सभी प्रोफेसरों सहित कालेज का स्टाफ उपस्थित रहा।



# पितरों का आवाहन कर किया जल अर्पित

**जबलपुर,देशबन्धु।** नर्मदा तट पर मुंडन, पूजन-अर्चन के साथ तर्पण का सिलसिला चालू हो गया है। लोग अपने पूर्वजों को तर्पण कर पानी देकर पिंडदान कर रहे हैं।

# श्रमदान कर गांधी जी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**जबलपुर, देशबन्धु।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ और भाजपा जनजाति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में अधारताल बस्ती में महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा श्रमदान कर गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोंटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेन्द्र सिंह लोधी भाजपा जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अशोक गोंटिया,सोनम गोंटिया, शबनम कोल, लता गोंटिया, श्याम बहादुर पटेल, लीला ठाकुर, अनिल मरकाम, गनेश उईके आदि लोग उपस्थित रहे।

# 3 अक्टूबर को पिसनहारी तीर्थ में होगा क्षमावाणी मेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिसनहारी तीर्थ में वार्षिक क्षमावाणी मेला अगामी 3 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा। 2 अक्टूबर को पर्यूषण की समाप्ति के पश्चात प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला ऐतिहासिक मेला इस वर्ष भी कुंवार वदी की पंचमी को 3 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। वार्षिक क्षमावाणी मेले में विशेष आकर्षण का केन्द्र भगवान रजत रथ शोभायात्रा में आचार्य प्रवर 108 विद्यासागर महाराज महामुनिराज से दीक्षित 105 आर्यिका माता जी समस्त संघ के साथ शोभा यात्रा में सम्मलित रहेगी। इसके बाद 1008 तीर्थकर भगवान का महामस्तिकाभेष और 105 आर्यिका माता का प्रवचन एवं संगीतमय पूजन साधना जैन, संगीता जैन द्वारा संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे चरण के कार्यक्रमों की श्रृंखला में भजन गायक अवशेष जैन सुरमुधर गायन को कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद आर्यिका रत्न अंतरमति माता द्वारा रचित नाटक सती सीता की अग्नि परीक्षा का मंचन किया जाएगा। इस तरह की जानकारी पिसनहारी ट्रस्ट के प्रचार मंत्री संजय चौधरी और ट्रस्ट प्रधानमंत्री राकेश चौधरी द्वारा दी गई। पिसनहारी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में पिसनहारी पहुंचकर कार्यक्रम सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# भेड़ाघाट नगर परिषद में दो दिवसीय श्रमदान अभियान आरंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर दो दिसवसीय श्रमदान अभियान का आयोजन किया किया। जिसमें प्रथम दिन इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के साथ रविवार को 1 घंटा वार्ड नंबर 01 से लेकर वार्ड नंबर 15 स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान चलाया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों सहित आमजनों ने भी सहभागिता करते हुए नगर के विभिन्न स्थलों की सफ़ाई कर श्रमदान किया। इस श्रमदान अभियान में भेड़ाघाट नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एवं समस्त शाखा प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 02 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र-भरणी।**

**मेष**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा|-ख होगा।

क.

**कर्क**
मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

**सिंह**
पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

**तुला**
आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

**धनु**
गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

**मकर**
संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभ**
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

**मीन**
आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा.



# टाउन हॉल में गांधी जी प्रतिमा के समक्ष हुआ स्वच्छता श्रमदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नेतृत्व में महात्मा गांधी जी की जयंती के पूर्व दिवस पर टाउन हॉल गांधी स्मारक परिसर की साफ सफाई, धुलाई कर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सामजिक कार्यकताओं ने सहभागिता कर श्रमदान किया। प्रदेश संयोजक शरद अगवाल ने सभी को स्वच्छ्ता का संकल्प दिलाया एवं अपने शहर को साफ रखने का आग्रह किया द्य इस अवसर पर प्रदीप डेवढ़िया , मनीष जैन कल्लू , अभिषेक तिवारी नीटू , लालू यादव , मनीष शिवहरे , अनूप पेगवार , अनुज जैन , मयंक मतानी , सचिन सोनकर , श्याम मनोहर पटेल , सुशील उपाध्याय , रामू मौर्य , ऋषि राय , श्याम झारिया , नितिन गुप्ता , संतोष चतुर्वेदी , श्रीचंद बठीजा , ओमनारायण दुबे , समरजीत फौजदार , रामजी यादव , विजय यादव , चंदू शर्मा , बाबा दुबे , अनिल खरे , विनय उपाध्याय , सुरेश विश्वकर्मा , राजेश तिवारी , सनी सोनकर , अमित पवार , रवि मिश्रा , नरेंद्र चौरसिया , महबूब खान , महफूज अंसारी , हरशु लोधी , प्रकाश रजक , बबलू सोनकर , शिवम मौर्य, स्पर्श अग्रवाल , सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पूर्व स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल एवं रानी दुर्गावती चिकित्सालय सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर सफाई अभियान चलाया गया । जिला अस्पताल में सीएमएचओ डा संजय मिश्रा सिविल सर्जन डा मनीष मिश्रा, आरएमओ डा नीलकमल सुहाने, डा कमलेश वर्मा, डा पंकज ग्रोवर तथा स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर और वार्डो में सफाई की गई ।

इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बाजनामठ स्थित वृद्धाश्रम में 64 एवं सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 210 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।



# दर्शन तिराहा रॉझी में बनेगा भव्य गुरूनानक देव साहब द्वार : महापौर

**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने सिख समाज की मांग पर दर्शन तिराहा रांझी में भव्य श्री गुरुनानक देव साहब जी द्वार बनाने की स्वीकृति पूर्व में ही दे दी है। इस संबंध में महापौर अन्नू ने बताया कि सिख समुदाय के लोगों एवम पदाधिकारियों ने मॉग की थी कि दर्शन तिराहे के पास एक दशमेश द्वार जैसा एक द्वार गुरूनानक देव साहब के नाम से बने, जिस पर महापौर ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर सदन की ओर अग्रेषित किया है। जिसके बाद महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को आज गुरूद्वारा सिंह सभा कमेटी ने आमंत्रित किया गया, जहाँ पर सिख संगत की तरफ से आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सभी सिख बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए गुरूद्वारे में जाकर मत्था टेका और शहर में अमन चैन और सभी घरों में सुख शांति बनी रहे के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सिख समुदाय के जीत दुआ, सतपाल सिंह संधू, कुलविन्दर सिंह, बल्जीत सिंह, तजेन्दर सिंह, सरबजीत सिंह नारंग, एवं प्रिंस सलूजा आदि उपस्थित रहे।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

### श्रीमती रुक्मणी देवी का निधन



पिपरिया (उंठिया) निवासी बालमुकुंदजी राठी की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी देवी राठी का पिपरिया में निधन हो गया। वे मनमोहन, मनोज, मुरली की माता एवं मयंक,मयूर,माधव,मधुर की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार शान्ति वन मुक्तिधाम में आज किया गया। उनका उठवाना पिपरिया में 3 अक्टूबर को पुराना माहेश्वरी भवन में होगा।

**श्रीमती सुशीला बाई मेंडवेलकर**- गंगासागर एकता चौक के पास निवासी श्री बालट मेंडवेलकर की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई मेंडवेलकर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री मातवर सिंह- शक्ति नगर निवासी श्री मातवर सिंह (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भीमसेन साहू**- साहू मोहल्ला करियापाथर निवासी श्री भीमसेन साहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद पटेल**- सिद्धनाथ छापर रामपुर निवासी श्री विनोद पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश कुमार कोरी- सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री राजेश कुमार कोरी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना कश्यप**- सुभाष नगर रांझी नई बस्ती निवासी श्री हीरा लाल कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती मीना कश्यप (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी रैकवार**- तुलसी मोहल्ला घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री कमलेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी रैकवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नर्मदा देवी राणा**- गुप्तेश्वर निवासी श्री एसबी राणा की धर्मपत्नी श्रीमती नर्मदा देवी राणा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विश्व स्वरूप सक्सेना**- सतना बिल्डिंग के पीछे निवासी श्री विश्व स्वरूप सक्सेना (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से विभूषित गांधीग्राम में आज मनाई जाएगी गांधी जयंती

### महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमा का होगा पूजन, सन 1933 में आए थे गांधी जी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से विभूषित ग्राम गांधीग्राम में आज जनपद पंचायत एवम ग्राम पंचायत गांधीग्राम के तत्वावधान में गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। खूबसूरत विषयक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जनपद सदस्य श्रीमती अनीता राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम के 50 वरिष्ठ जनों का सम्मान स्वच्छता रैली इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। गांधीग्राम ग्राम पंचायत भवन के सामने बाजार स्थल में स्थापित महात्मा गांधी की लगभग 15 फुट ऊँचे स्तम्भ पर रखी हुई है। जनपद सदस्य श्रीमती अनीता राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गाजे बाजे के साथ ग्राम पंचायत प्रशासन, समस्त पंच व ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण किया जायेगा। गांधीजी के आगमन से पड़ा गांधीग्राम नाम-.उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शिक्षक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि उनके बब्बा स्वर्गीय रामनाथ मिश्रा सन 1933 में स्काउट गाइड में थे,उनकी ड्यूटी अंग्रेजों ने पेड़ पर चढ़कर कुल्हाड़ी लेकर गांधीजी की सुरक्षा के लिए लगाई थी।बाजार स्थल पर लगे पीपल के वृक्ष के नीचे गांधीग्राम रुके थे कहा जाता है कि तत्कालीन जमीदार ने गांधीजी को दानस्वरूप गांव दान में दिया था।तभी से बुढ़ागर से गांधीजी के नाम पर इस ग्राम का नाम गांधीग्राम हो गया।तत्कालीन जमीदार ने गांधीजी को चरखा भी भेंट किया था।



## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

**पनागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पनागर विधायक सुशील तिवारी के नेतृत्व में पनागर नगर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान पनागर नगर बस स्टैंड में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत माँ दुर्गा मंदिर की साफ सफाई और डॉ अम्बेडकर जी प्रतिमा के समक्ष सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और पनागर विधायक इंदु तिवारी ने बताया की हमारे गाँव-घर, गली-मोहल्ले नगरों-शहरों को स्वच्छ बनाएं रखने की जिम्मेदारी भी हमारी अपनी है क्योंकि स्वच्छता से ही स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम में उपस्थित युवा मोर्चा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष युवा मोर्चा हर्ष इंदु तिवारी, मंडल संयोजक आनंद जैन मिंन्चू भैया, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन,पूर्व नगर मंडल अनिल गौतम, महामंत्री शैलेंद्र साहू,पार्षद मुकेश वंशकार, दीपांशु



नामदेव,पूर्व पार्षद राजेश तिवारी, अब्बास मंसूरी, दिलीप पटेल, अमित शीतपाल, अशोक पाण्डे, रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, सतीश पटेल,राजकुमार वंशकार, प्रदीप गौतम, विमलेश चौधरी, जागेश्वर शर्मा, अतुल सैनी, प्रदीप गोटियां, अनुराग खेतपाल,राजू ताम्रकार, पदम मोदी, राजेन्द्र कुशवाहा,राजा जैन,रोहित लोधी,हरिओम केवट,भूरा खान कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों के साथ श्रमदान किया।

### सार-समाचार

## महात्मा गांधी की जयंती पर सिविल कोर्ट एवं अपर सत्र न्यायालय में आज स्वच्छता अभियान

**पाटन, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल कोर्ट न्यायालय परिसर में 2 अक्टूबर को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। प्रात:08 बजे न्यायाधीश महोदय की उपस्थित में अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल न्यायालय के समस्त अधिवक्ता बंधु और न्यायालय स्टाफ की मौजूदगी में महात्मा गांधी जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। इसी क्रम में सफाई अभियान भी चलाया जाएगा जिसमें समस्त अधिवक्ता बंधु सम्मिलित होंगे।

सत्र न्यायाधीश श्री विवेक कुमार जी, सत्र न्यायाधीश श्री दशरथ सिंह भिड़े जी, श्री रवि कुमार साहू जी, श्रीमति उजाला झा जी, श्री रितिका शर्मा जी एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव, एसडी बैरागी, राम सिंह लोधी, अनिल दुबे, अभिषेक अग्रवाल, रोहिणी प्रसाद खंपरिया, संदीप पटेल, केशव प्रताप सिंह ठाकुर, हिरेंद्र सिंह ठाकुर, तरुवर सिंह, वीरेंद्र जैन, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, विकास मिश्रा, सुनील दुबे, देवराज सिंह ठाकुर, लोकेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता बंधु उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर स्वच्छता का संदेश देगे इसके अलावा बापू की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सफाई कार्यक्रम में सुबह 8 बजे सम्मिलित होने की अपील अधिवक्ता संघ की ओर से की गई है।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की



**कुंडम, देशबन्धु।** आज शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय कुंडम के परिसर से 20 व्यक्तियों द्वारा 371.61 वर्ग मीटर पर अतिक्रमण किये जाने पर विधिवत प्रकरण दर्ज कर बेदख़ली आदेश पारित किया गया था तथा उक्त अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त अतिक्रमित भूमि का बाज़ार मूल्य 6,31,737 रुपये है। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत परिसर की सफाई भी की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में रघुवीर सिंह मरावी एस.डी. एम. , जीएल मरावी नायब तहसीलदार, अनूप नामदेव थाना प्रभारी पूर्व सरपंच राजकुमार साहू मदन सिंह परस्ते पटवारी ओंकार सिंह परस्ते उत्कृष्ट विद्यालय प्रचार नीरज मिश्रा अजय बर्मन देवेंद्र सिंह कोटवार एवम पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित



**कुंडम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू का आगमन हुआ। समस्त कुंड्म सदाफल की सभी तेली बंधुओ ने मिलकर तहसील तिराहा स्थित मां कर्मा वंशज समिति के कार्यालय ज्ञान गिरिजा भवन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम साहू मुख्य अतिथि के रूप में मां कर्मा के लाडले मां भारती के पुत्र तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष भाई रवि करण जी साहू कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनोद कुमार साहू एवं देवेंद्र नायक संदीप साहू के द्वारा किया गया।

## सरदार पटेल के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**पाटन, देशबन्धु।** सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म उत्सव की तैयारी को लेकर आज एक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें 31 अक्टूबर को पड़ने वाली सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को बड़ी धूम धाम और बड़े उत्साह से मानने के लिए कुर्मी सेवा संस्थान जबलपुर में बैठक आहूत की जा रही है जिसमें समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज के वरिष्ट नागरिक उपस्थित होगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा की इस बार समस्त ग्रामीण इलाकों के नागरिक बंधु मिलकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मानना हैं।

## स्वछता अभियान के तहत किया सफाई कर्मियों का सम्मान

### रैली के माध्यम दिया स्वच्छता का संदेश, नेता व अधिकारियों ने लगाई झाड़ू

**गोसलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छता पखवाड़े के तहत रविवार को गोसलपुर मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर स्वच्छता ही सेवा एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान कर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत गोसलपुर के संयोजन में विशाल स्वछता संदेश रैली स्वच्छता रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्राम के लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया दुकानदारों को डस्टबिन का वितरण भी किया गया इस कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीण जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई एक घंटा एक साथ सभी अधिकारी व प्रतिनिधियों ने अपने हाथों में झाड़ू थाम कर गंदगी को साफ किया।

इस मौके पर ये रहे मौजूद-जनपद पंचायत सिहोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र गुप्ता जनपद पंचायत सिहोरा उपाध्यक्ष दिलीप पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल संतोष पठारिया जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत पीसीओ



सुनीता शर्मा सरपंच श्रीमती गिरिजा जितेंद्र पालीवाल उप सरपंच सुखदेव पटेल सचिव प्रदीप यादव दीपक यादव राज पटैल सरस्वती त्रिपाठी ज्योति श्रीवास्तव कमला तिवारी राहुल जैन महेश दाहिया अजीम खान अमित सिंह परिहार, जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी नेहरू युवा केंद्र सिहोरा प्रमुख जानकी पटेल महेंद्र सिंह ठाकुर सुमित पालीवाल आकाश जैन पूनम कोरी रविशंकर ज्योति श्रीवास्तव आकाश बैरागी शुभाष पटैल राजा सोनी अभिषेक पटैल सहित अनेक लोग शामिल थे।

## बापू की जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का लिया संकल्प

**पनागर, देशबन्धु।** महात्मा गांधी अमर रहे, वंदे मातरम, भारत माता की जय एवं युवा सेवा संगठन ने ठाना है, स्वच्छ ग्राम बनाना है... का नारा लगाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, ग्राम पंचायत सरस्वती वीरनेर में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान लोगों में स्वच्छता की अलग जगाने । स्ट्रीट स्नेह स्कूल के अध्यनरत नन्हें मुन्हे बच्चों के साथ पूरे ग्राम में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। सभी ने हाथ उठाकर अपने परिवार, समाज, आसपास को स्वच्छ रखते हुए दूसरे को भी स्वच्छता की सीख देने का संकल्प लिया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे।

सही मायने में हम गाली,मोहल्ले,पड़ोस,गांव और शहर में साफ सफाई रखकर सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे विवेक पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, के अन्य अतिथि अन्य अतिथि एवं छेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

**बरेला, देशबन्धु।** नि:शुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लास बरेला जबलपुर मध्य प्रदेश के छात्र छात्राओं द्वारा पूरे बरेला परिक्षेत्र में चलाया गया स्वच्छ बरेला स्वस्थ बरेला अभियान जिसमें पूरे बरेला परीक्षेत्रके सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने वार्ड क्रमांक 1 से वार्ड क्रमांक 15 तक प्रत्येक वार्ड में जा जाकर इस अभियान में हिस्सा लिया और बरेला परिक्षेत्र को स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का सभी ने शपथ ली इस कार्यक्रम में सभी छात्रों का विशेष योगदान रहा ।

## पुरानी रंजिश के चलते किसान पर प्राणघातक हमला

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत पुरानी रंजिश के चलते रमपुरा गांव के किसान पर गांव के ही एक युवक के द्वारा प्राणघातक हमले से किसान के गम्भीर रूप से घायल होने का समाचार सामने आया है।परिजनों के बताए अनुसार 30 सितंबर 2023 को डाल सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय मुल्लू सिंह राजपूत उम्र 56 निवासी रमपुरा तह.पाटन जिला जबलपुर अपने गांव के पास ही खेत में 4:30 बजे के आस पास ट्यूबवेल में नई मोटर डाल रहे थे तभी गांव का धर्मेंद्र गौड़ उम्र 32 वर्ष निवासी रमपुरा तह.पाटन जिला जबलपुर उनके पास आया और बिना वजह डाल सिंह के साथ गाली गलौज करने लगा तभी उसने गलियां देने से मना किया तो धर्मेंद्र ने डंडे से हमला कर दिया अचानक हुए हमले से किसान अपने आपको संभाल पाता इसके पहले ही आरोपी ने सिर एवं कान के पास डंडे से हमला करके किसान डाल सिंह को गंभीर चोट पहुंचा दी जिससे वह बोर के पास गिर गया। आरोपी ने बोला यदि पुलिस में शिकायत करोगे तो तुमको और तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा ये कहते हुए आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया वही घटना की जानकारी लगते है परिजन एवं ग्रामीण खेत पहुंचे जहां घायल डाल सिंह ने परिजनों को घटना के संबंध में बताया परिजनों ने घटना की सूचना हंड्रेड डायल को दी लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची जिसकी वजह से परिवार के सदस्यों ने घायल को पाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने अपने हाथ खड़े कर दिए और घायल को मेडिकल अस्पताल जबलपुर रिफर कर दिया जंहा घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मेडिकल की नई बिल्डिंग के वार्ड न 03 में डाल सिंह भर्ती है। चोट लगने की वजह से नाक एवं कान से खून निकल रहा है। डाक्टरों ने बताया कि इनका तत्काल आपरेशन करना पड़ेगा।

**पाटन सिविल अस्पताल में लगे लापरवाही के गम्भीर आरोप**

परिजनों ने बताया कि घायल डाल सिंह को लेकर जैसे ही पाटन सिविल अस्पताल पहुंचे यहां के गैर ज़िम्मेदार डाक्टरों ने घायल को बिना देखे ही जबलपुर रिफर का लेटर बना दिया। परिजनों का आरोप था कि अभी 4 दिन पहले ही सिविल अस्पताल का दर्जा पाटन





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला है। जिसमें नए डाक्टरों की भी तैनाती की गई है उसके बाबजूद बिना प्राथमिक उपचार के घायल को मेडिकल अस्पताल रिफर कर दिया।

**परिजनों को एम्बुलेंस के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार**

परिजनों ने बताया कि घायल डाल सिंह को पाटन सिविल अस्पताल ने जबलपुर रिफर कर दिया था लेकिन पाटन सिविल अस्पताल में घायल को एंबुलेंस के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा जिसके कारण घायल की स्थिति और बिगड़ती गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि एंबुलेंस की सेवा लेने के लिए उन्होंने 500 रूपये का भुगतान किया तब जाकर घायल को एंबुलेंस नसीब हुई है।

**इनका कहना है**

घटना के संबंध में पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य से बात की गई तो उनका कहना था कि परिजन थाने नहीं आए है इसलिए मामला कायम नहीं हुआ होगा उन्होंने बताया कि परिजन पहले घायल का इलाज करा ले वह जरूरी है। मरीज खतरे से बाहर हो जाये उसके बाद घायल के परिजन मामला दर्ज करा सकते हैं। हम आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करेंगे।

## 10 दिन उपवास करने वालों का किया सम्मान

**पनागर, देशबन्धु।** श्री नेमिनाथ जिनालय बाजार जैन मंदिर मैं 10 दिवसीय उपवास कर कठिन साधना करने वाले भाई-बहन बहू बेटियों का श्री दिगंबर जैन प्रबंध करनी सभा द्वारा माला पहन कर और उपहार देकर सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा की गई त्याग की प्रशंसा की इसी क्रम में जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कटंगा अभिनंदन चौधरी प्रवीण मोदी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती समीक्षा चौधरी श्रीमती रजनी मोदी श्रीमती प्रिया मोदी श्रीमती



स्नेहा कटंगा श्रीमती स्वाति मोदी बालिका मंडल की अध्यक्ष कुमारी सुशिमा मोदी आर्य जैन मानसी मोदी साक्षी जैन खुशी कटंगा ओसी कटंगा सिद्धि चौधरी माही चौधरी आरची चौधरी आयुषी जैन परी मोदी श्रीमती कीर्ति का चौधरी श्रीमती भारती मोदी श्रीमती मुस्कान जैन श्रीमती मालती मोदी श्रीमती सीमा जैन आदि अनेक समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## स्कूटी में सवार महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत बगदरी फॉल से वापिस घर लौट रही स्कूटी सवार महिला को मोटर साईकिल सवार ने टक्कर मारकर घायल करने की घटना सामने आई है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 1-10-23 की रात अकरम खान उम्र 31 वर्ष निवासी आजाद नगर मोहरिया हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में पाटन गया था दिनांक 30-9-23 को परिवार के साथ बगदरी फॉल धूमने गये थे वहां से वापस लौटते समय उसकी बहन संजीदा और बुआ मक्का बी एक्सिस स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसयू 3922 से और दूसरी बाईक से वह अपने दोस्त गुलाम अहमद के साथ घर आ रहे थे तभी शाम 5 बजे जैसे ही जबलपुर से दमोह रोड में बगदरी वाटर फाल के पास डबल स्पीड ब्रेकर के पास पहुँचे तभी बाईक क्र एमपी 20 एनएफ 1106 का चालक तेज गति और लापरवाही



से वाहन चलाते हुए तेंदुखेड़ा की ओर से आया और पीछे से उसकी बहन की एक्सिस में टक्कर मार दिया जिससे बहन को हाथ एवं बुआ को कमर में चोट आ गयी घायलों को तत्काल उपचार के लिए एम एस अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर

लंदन। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में घायल दो लोगो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार शाम 7:10 बजे केयर्नगॉर्म्स के एवीमोर रेलवे स्टेशन पर हुई। स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस (एसएफआरएस) के एक प्रवक्ता ने कहा, दो हताहतों को रायगमोर अस्पताल पहुंचाया गया है। तीन हताहतों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।

# मंदिर तोड़े, धमकियां दीं, ट्रूडो राज में कैसे हिंदुओं के लिए 'नरक' बन गया कनाडा?



**नई दिल्ली।** कनाडा में पीएम जस्टिन ट्रूडो के रवैये की वजह से यहां हिंदुओं के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। ट्रूडो की सरकार खालिस्तानियों का खुलकर समर्थन करती है। वहीं खालिस्तानी आतंकी हिंदुओं को धमकी देते रहते हैं। इसके अलावा वे आए दिन मंदिरों में हमले करके तोड़फोड़ करते हैं।

निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में तनाव के बीच खालिस्तानियों ने हिंदुओं को देश छोड़ने तक की धमकी दे दी। हालांकि कनाडा सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि इस तरह की धमकियां घृणा फैलाने वाली हैं।

**भारतीय खुफिया एजेंसियां भी सतर्क-** कनाडा में रहने वाले भारतीयों के हित के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हैं। हाल ही में हुई बैठक में कनाडा में बढ़ते चरमपंथ और हिंदू समुदाय के लिए खड़ी हो रही चुनौतियों को लेकर चर्चा की गई। बीते 5-6 साल में किस तरह के कनाडा का माहौल बिगड़ा है और यहां हिंदुओं के लिए खतरा बढ़ गया है, आइए इसपर नजर डालते हैं। अगर आंकड़ों की बात करें तो 2016 से 2021 के बीच कनाडा में बसने वालों में 18 फीसदी की आबादी भारतीयों की है।

वहीं कनाडा की कुल आबादी में 2.1 प्रतिशत सिख और 2.3 फीसदी हिंदू हैं। हाल ही में जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए बेबुनियाद आरोप भारत पर लगाए तो वहां दो समुदायों के बीच भी तनाव बढ़ गया। हालांकि जस्टिन ट्रूडो के इन आरोपों को राजनीतिक फायदा तलाशने का एक कदम माना जा रहा है।

**हिंदू और सिखों को बांटने की कोशिश-** सिख फॉर जस्टिस आतंकी संगठन के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नून ने हाल ही में कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को खुली धमकी दी और कहा कि वे भारत लौट जाएं। उसने सोशल मीडिया पर भी वीडियो पोस्ट किया। उसका कहा है कि भारतीय मूल के हिंदू कनाडा के संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। उसने कहा कि हिंदू कभी कनाडा के प्रति निष्ठावान नहीं रहे हैं। इसके बाद ट्रूडो के ही पार्टी के सांसद चंद्रा आर्या ने आवाज उठाई और कहा कि कनाडा में रहने वाले बहुत सारे हिंदू डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी हिंदू-कनाडाइयों और सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

**निज्जर की हत्या से पहले भी हिंदुओं को धमकाया जाता था-** कनाडा में निज्जर की हत्या के बाद भले ही बातें सामने आई हों पर वहां हिंदुओं को डराने और धमकाने का सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा है। बीते एकसाल में ही कम से कम एक दर्जन मंदिरों पर हमला हो चुका है। इसी साल में तीन मंदिरों में तोड़फोड़ हुई। अगस्त में लक्ष्मीनारायण मंदिर. ब्रिटिश कोलंबिया को निशाना बनाया गया। यहां खालिस्तानी रेफरेंडम के पोस्टर भी लगाए गए थे।

अप्रैल में ओंटारियों के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा ब्रांप्टन के गौरी शंकर मंदिर पर भी हमला किया गया। महात्मा गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाया गया। 2022 में शुरु हुए एक पार्क में तोड़फोड़ की गई क्योंकि इसका नाम भगवद्गीता के नाम पर रखा गया था। इसके अलावा खालिस्तानी अकसर भारत विरोधी रैलियां निकालते रहते हैं। हालांकि पन्नून का वीडियो सामने आने के बाद कनाडा की सरकार को इतना कहना पड़ा कि कनाडा इसका समर्थन नहीं करता है।

**खालिस्तानियों का समर्थन करते रहे ट्रूडो**

कनाडा के हिंदुओं ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनके सहयोगी जगमीत सिंह से इन धमकयों को ध्यान देने को कहा है। वहीं पन्नून और उसके सहयोगी बाज नहीं आ रहे हैं ओर कह रहे हैं कि जो भी उनकी विचारधारा के साथ नहीं होगा, उसको वे निशाना बनाएंगे। यह सर्वविदित है कि जगमीत सिंह और ट्रूडो खालिस्तानियों का तुष्टीकरण करते रहे हैं। वे खालिस्तानियों की हरकतों को अभिव्यक्ति की आजादी बताते रहे।

मंदिरों के ट्रस्टियों ने भी कनाडा की सरकार से नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि हिंदुओं की हत्या की साजिश होती है, मंदिरों में तोड़फोड़ होती है और सड़कों पर तलवारें लहराई जाती हैं। बहुत सारे हिंदू मंदिरों में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अब जगमीत सिंह भी पन्नून के वीडियो को गलत बता रहे हैं।

हालांकि कनाडा का माहौल हद से ज्यादा खराब हो चुका है। राजनीतिक फायदे की तलाश में आतंकियों को पालने का नतीजा कनाडा में रहने वाले लोगों को भी भुगतना पड़ सकता है।

## आज का इतिहास

1869- महात्मा गांधी का गुजरात के पोरबंदर में जन्म।
1904- भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ।
1929- गांधी जी ने नवजीवन कार्यालय को एक सार्वजनिक न्यास बनाया।
1951- श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना की।
1952- भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1952 में हुई।
1961- बम्बई (अब मुंबई) में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन 1961 में हुआ।
1968- मेक्सिको सिटी में ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले छात्रों के खूनी आंदोलन के दौरान पुलिस के साथ संघर्ष में 25 लोगों की मौत।
1971- राष्ट्रपति ने बिरला सदन को देश को समर्पित किया।
1982- ईरान की राजधानी तेहरान में बम विस्फोट से 60 मरे, 700 घायल।
1985- दहेज निषेधाज्ञा संशोधन कानून अस्तित्व में आया।
1988- मंडपम और पंबन को जोड़ने वाले समुद्र के ऊपर बने उस समय के सबसे बड़े सड़क पुल को यातायात के लिए खोला गया।
1989- तमिलनाडु में मंडपम और पम्बन के बीच समुद्र के ऊपर सबसे लंबा पुल खुला।

## सुडोकू 6334

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## कश्मीर में आतंकी हमले के मामले में छापामारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि इसी साल एक जनवरी को राजौरी जिले के ढांगरी गांव में हुए आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए और 13 घायल हो गए।

## शाह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के 1651 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव और त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में करोड़ों लोग अलग-अलग प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नही है।

## गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं : वीरेंद्र

**पटना।** संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण पर हो रही बहस के दौरान राजद के सांसद मनोज झा द्वारा पढ़ी गई एक कविता को लेकर बिहार की सियासत में उठा बवंडर अभी थमा भी नहीं है कि राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज को लेकर विवादास्पद बयान दे दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे असली हिंदू हैं ही नहीं। पत्रकारों ने जब उनसे गिरिराज सिंह के एक बयान को लेकर सवाल किया तो भाई वीरेंद्र ने कहा कि सच्चाई यह है कि गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं।

## ईरान के आसमान में रहस्यमय सिग्नल की वजह से रास्ता भटक रहे विमान, एयरलाइन्स परेशान

**तेहरान।** ईरान में बीते 15 दिनों में कम से कम 20 पैसेंजर विमान या फिर कॉर्पोरेट जेट अपना रास्ता भटक चुके हैं। जानकारी के मुताबिकि उनके रास्ता भटकने के पीछे जमीन से भेजा जाने वाला कोई स्ट्रॉन्ग सिग्नल है जो कि नेवीगेशन सिस्टम पर हमला करता है। नेवीगेशन सिस्टम फेल होने के बाद पायलट एटीसी से संपर्क करते हैं तभी उन्हें अपनी लोकेशन का पता चल पाता है। जानकारों का कहना है कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि यात्री विमानों को इस तरह टारगेट किया जा रहा है। यूएस रेडियो टेक्निल कमिशन फॉर एयरोनॉटिक्स के मुताबिक जीपीएस सिग्नल सैटलाइट सिग्नल की जगह ले लेते हैं जिससे कि विमान रास्ता भटक जाता है। हाल ही में 20 जीपीएस स्पूफिंग के मामले सामने आ चुके हैं।

बोइंग 777, 737 और 747 को इस तरह से टारगेट किया गया है। बोइंग 777 तो अपना रास्ते से काफी अलग ही चला गया था। इसके बाद उसे बगदाद एटीसी से संपर्क करना पड़ा। पायलट ने पूछा, क्या समय हो रहा है और हम कहां हैं? इस तरह से जीपीएस सिग्नल इंटरफेरेंस एक दशक से होता रहा है लेकिन अब तक यात्री विमानों के साथ ऐसा नहीं होता था। यूएस फेडरल एविएशन ऐडमिनिस्ट्रेशन ने एयरलाइन्स को सावधान किया है और कहा है कि ईरान और अजरबैजन के आसमान में उड़ा भरते समय सतर्क रहें। रु का जीपीएस और दूसरे देशों का सैटलाइट नेविगेशन सिस्टम जैसे कि ग्लोनास, गैलीलियो और बेइडुओ स्पूफिंग का शिकार हो रहा है।

## अफगानिस्तान ने भारत में क्यों बंद किया अपना दूतावास? एक नहीं तीन वजहें

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने अपने हितों की सेवा करने में असमर्थता, कर्मचारियों और संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए आज भारत में अपना दूतावास निलंबित कर दिया। दूतावास के बयान में कहा गया कि भारत कार्यवाहक क्षमता में दूतावास का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा। यह घोषणा अफगानिस्तान में निर्वाचित सरकार को तालिबान द्वारा उखाड़ फेंकने के दो साल बाद आई है। अफगानिस्तान के अपने दूतावास को बंद करने को लेकर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। जबकि, अफगानिस्तान ने कहा है कि यह फैसला हमारे हित में है।2021 में अफगानिस्तान की सत्ता संभालने के बाद भी तालिबान ने फरीद मामुंडजे को भारत में राजनयिक रखना जारी रखा। वह अशरफ गनी के समय से भारत में दूतावास संभाल रहे थे। लेकिन दूतावास के बंद करने के संबंध में अफगानिस्तान ने बयान में कहा कि यह दूतावास के कर्मचारियों के बीच आंतरिक कलह बिल्कुल भी नहीं है। अफगानिस्ता ने इस बात से भी इनकार किया कि कोई भी राजनयिक किसी तीसरे देश में शरण लेने के लिए जा रहा है।

**भारत से समर्थन की कमी-** अपने बयान में अफगानिस्तान दूतावास ने भारत सरकार से समर्थन न मिलने का आरोप लगाया। इसमें दावा किया गया कि इससे उनके कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई। बयान में कहा गया है, दूतावास को मेजबान सरकार से महत्वपूर्ण समर्थन की उल्लेखनीय कमी का अनुभव हुआ है, जिसने हमारे कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की हमारी क्षमता में बाधा उत्पन्न की है।

## तुर्की की राजधानी दहली, संसद के पास धमाका; आतंकी हमले की आशंका


**अंकारा।** तुर्की की राजधानी अंकारा में बड़े आतंकवादी हमले की आशंका जताई जा रही है। रविवार दोपहर संसद के पास जोरदार धमाका हुआ।

साथ ही खबरें हैं कि इलाके में गोलीबारी की आवाजें भी सुनाई दी गईं हैं। फिलहाल, हालात की गंभीरता के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंच रहे हैं। खास बात है कि यह घटना संसद का सत्र शुरू होने से कुछ समय पहले ही हुई। तुर्की के आंतरिक मंत्रालय ने इस धमाके को आतंकवादी हमला बताया है। मंत्रालय ने कहा, दो आतंकवादी सुबह



करीब 9.30 बजे हमारे आंतरिक मंत्रालय के जनरल डायरेक्टोरेट ऑफ सिक्युरिटी के गेट के बाहर पहुंचे और धमाका कर दिया। फिलहाल, हमले में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। खास बात है कि कुछ समय पहले ही तुर्की भूकंप की बर्बादी का सामना कर चुका है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। उन्होंने मामूली चोटें आई हैं। बॉम्ब स्क्वॉड मौके पर पहुंच चुका है और तलाशी अभियान जारी है। साथ ही सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।


## वर्ग पहेली 6334



**बायें से दायें:-**
१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषागा, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अन्य अतिरिक्त पद,
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंत:करण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. पत्र प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा समाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हो (उर्दू)
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासनकाल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6333



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

प्रतिबद्धता | *नारी सशक्तीकरण के नए युग की शुरुआत*

# देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**भोपाल, (देशबन्धु)। देश के संसदीय इतिहास में नारी सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए संसद के दोनों सदनों ने ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर दिया है। राष्ट्रपति मुर्मू की स्वीकृति के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून का रूप ले चुका है। अधिनियम यह सुनिश्चित करने की सरकार की।**

प्रतिबद्धता है कि महिलाओं की आवाज को अब और भी अधिक प्रभावी ढंग से सुना जाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा। इससे जहां नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा, वहीं अधिनियम से नारी सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत होगी।

यह सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि इसके जरिए राष्ट्र निर्माण में अमूल्य भागीदारी निभाने वाली देश की माताओं, बहनों और बेटियों को उनका अधिकार मिला है। इस ऐतिहासिक कदम से महिलाओं की आवाज और बुलंद होगी, उनकी शक्ति, साहस और सामर्थ्य को एक नई पहचान मिलेगी। नारी शक्ति के सहयोग और सामर्थ्य के बिना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण



■ **आधी आबादी की विधायिका में भी मुखर होगी आवाज**

संभव नहीं है।

देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाला सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में लैंगिक समानता और समावेशी शासन का एक शक्तिशाली संदेश दिया है। इस अधिनियम के माध्यम से 140 करोड़ की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्से वाली मातृशक्ति को सच्चे अर्थों में सम्मानित करने का काम किया है।

अब देश की महिलाएं न केवल नीतियों में भागीदार बनेंगी, बल्कि नीतियों के निर्धारण में भी अपना योगदान देंगी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के दिन से ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है। वर्तमान प्रावधान के अनुसार संसद में चुनकर आने वाले सदस्यों की तीनों श्रेणियों सामान्य (जिसमें ओबीसी शामिल हैं), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। जिससे देश में महिला सशक्तिकरण की एक नई दिशा तय होगी। संविधान संशोधन की धारा 330 (ए) और धारा 332 (ए) के माध्यम से महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक के जरिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा।

# खेल जगत



## अदिति ने गोल्फ व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता रजत, पुरुष टीम हारी

**हांगझोउ** । भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक ने रविवार को एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 अंडर पार के स्कोर के साथ व्यक्तिगत महिला गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया वहीं अनिर्बान लाहिरी और उनकी पुरुष टीम अपने मुकाबले हार गई। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज हुए महिला गोल्फ व्यक्तिगत मुकाबले में अदिति अशोक ने अंतिम राउंड से पहले सात शॉट की बढ़त बना ली थी। हालांकि अदिति ने आज चार बोगी और एक डबल बोगी लगाई, जिससे थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने दो शॉट की बढ़त बना ली और स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की ह्युनजो ने छह स्थान की बढ़त बनाते हुए कांस्य पदक जीता। प्रणवी उर्स चार अंडर पार के साथ 13वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनि प्रशांत तीन ओवर पार के साथ संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष गोल्फ मुकाबले में अनिर्बान लाहिरी और पुरुष टीम पदक जीतने में असफल रही।

# एशियाड में स्वर्ण, रजत व कांस्य के साथ निशानेबाजी अभियान समाप्त


हांगझोउ। भारतीय निशानेबाजों का रविवार को टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और व्यक्ति मुकाबले में कांस्य पदक जीतने के साथ एशियाई खेलों में उनका अभियान समाप्त हो गया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इसके अलावा किनान चेनाई ने पुरुषों के व्यक्तिगत ट्रैप में कांस्य पदक भी जीता। दूसरी ओर राजेश्वरी कुमारी, कीर मनीषा और रजक प्रीति की महिला निशानेबाजी टीम ने स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को 337 के स्कोर के साथ रजत पदक मिला। क्वालीफाइंग राउंड में किनान चेनाई सिर्फ तीन शॉट से चूके और 122/125 के साथ शीर्ष पर रहे। 46 वर्षीय जोरावर सिंह संधू क्वालीफाइंग राउंड में 120 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पृथ्वीराज टोंडाइमान ने 119 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया। किनान चेनाई ने फाइनल में 32/40 का स्कोर बनाकर व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जबकि जोरावर सिंह संधू 23/30 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग राउंड में सिर्फ शीर्ष छह निशानेबाजों ने ही व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। चीन के यिंग की ने अपने 50 में से 46 शॉट निशाने पर लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कुवैत के तलाल अल-रशीदी ने 45/50 के साथ रजत पदक जीता।

मनीषा कीर ने चौथे सेट में परफेक्ट 25 का स्कोर किया और 114/125 के स्कोर के साथ महिला ट्रैप में व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज रहीं। हालांकि, वह छह निशानेबाजों के बीच बाहर होने वाली पहली महिला थीं। उनके 20 में से चार शॉट निशाने से चूक गए। इस साल की शुरुआत में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली राजेश्वरी कुमारी ने क्वालीफाइंग राउंड में 111 स्कोर करने के बाद 11वें स्थान पर रहीं। प्रीति रजक 112 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। इस बार एशियाई खेलों में भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 22 पदक जीते।




## एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने जीता स्वर्ण पदक




चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ स्पर्धा में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।
अविनाश साबले ने आज एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में 8:19:53 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।
इस जीत के साथ अविनाश साबले एशियाई खेलों के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं।
एशियाई खेलों यह भारत का 12वां स्वण पदक है तथा एथलेटिक्स के स्पर्धा में तीसरा पदक है।

## गोला फेंक स्पर्धा में तेजिंदारपाल सिंह तूर ने जीता स्वर्ण पदक




भारत के तेजिंदारपाल सिंह तूर ने रविवार को एशियाई खेलों के गोला फेंक (शॉटपुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में तेजिंदारपाल तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। आज हुए मुकाबले में तेजिंदारपाल ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19.51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20.06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20.36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया। स्पर्धा में सउदी अरब के मोहम्मद डोडा टोलो ने 20.18 मीटर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के लियू यांग को 19.97 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला।

## भारतीय तीरंदाजी टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर

**हांगझोउ**। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने रविवार को हुए मुकाबलों में व्यक्तिगत महिला कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय महिला कंपाउंड टीम भी पहले स्थान पर रही।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्योति सुरेखा वेन्नम (704 अंक) ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी चैवोन सो (699 अंक) और योह्युन ओह (697 अंक) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला कंपाउं की मौजूदा विश्व चैंपियन भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी चौथे (696 अंक) स्थान पर रहीं जबकि परनीत कौर (687 अंक) और अवनीत कौर (685 अंक) ने क्रमशः 12वां और 15वां स्थान हासिल किया।

इस बीच, भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने एलिमिनेशन राउंड का कट हासिल करने के लिए 2087 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की कंपाउंड क्वालिफिकेशन में, भारत के ओजस प्रवीण देवताले (709 अंक) और अभिषेक वर्मा (708 अंक) व्यक्तिगत रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। भारतीय कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश जावकर (700 अंक) और रजत चौहान (698 अंक) ने क्रमशः 10वां और 16वां स्थान हासिल किया। भारत की पुरुष कंपाउंड टीम 2117 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले की भारतीय जोड़ी ने 1413 के कुल स्कोर के साथ टॉप-सीडिंग हासिल की।

इस बीच, पुरुष रिकर्व क्वालिफिकेशन स्पर्धा में, अतानु दास की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2022 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही और एलिमिनेशन राउंड तक पहुंचने में सफल रही।



व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में ओलंपियन अतानु दास (678 अंक) चौथे स्थान पर रहे, जबकि धीरज बोम्मदेवरा (675 अंक), तुषार शेल्के (669 अंक) और मृणाल चौहान (667 अंक) क्रमशः 7वें और 15वें और 17वें स्थान पर रहे।

महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में, सभी चार भारतीय तीरंदाज शीर्ष दस से बाहर रहे। 14वें स्थान के स्थान अंकिता भक्त (649 अंक) सर्वश्रेष्ठ भारतीय तीरंदाज रहीं। भजन कौर (640 अंक), सिमरनजीत कौर (640 अंक) और प्राची सिंह (593 अंक) क्रमशः 18वें, 19वें और 55वें स्थान पर रहीं। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में, अंकिता भक्त और अतानु दास की भारतीय जोड़ी 1327 के कुल अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस बार एशियाई खेलों में 16 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी टीम भेजी है। एशियाई खेल में तीरंदाजी स्पर्धाएं सात अक्टूबर तक आयोजित होंगी।

## भारत ने चारों पूल मैच जीत सेमीफाइनल में स्थान बना स्वर्ण का दावा और मजबूत किया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। कप्तान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत, वरुण कुमार और स्ट्राइकर मनदीप सिंह के अब तक आठ-आठ तथा अभिषेक और ललित उपाध्याय के पांच-पांच गोल की बदौलत दुनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त भारत की पुरुष हॉकी टीम ने अब तक दे दनादन कुल 46 गोल (27 मैदानी, 16 पेनल्टी कॉर्नर, तीन मैदानी) कर हंगजू(चीन)में 19 वें एशियाई खेलों में पूल ए में अपने शुरू के चारों मैच जीत कुल 12 अंकों के साथ सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बना अपना इस बार स्वर्ण पदक जीतने का दावा और मजूबत किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास की शनिवार को 10-1 से सबसे बड़ी जीत के साथ अपने घर में 1982 में नई दिल्ली में एशियाई खेलों में राष्ट्रीय स्टेडियम में अपनी जफर इकबाल की अगुआई वाली टीम को मिली 1-7 की हार की कसक बहुत हद तक मिटा दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की ताकत मौजूदा एशियाई खेलों में तेज आगाज, अग्रिम पंक्ति का बेहतरीन तालमेल और आखिरी मिनट तक गोल करने की ललक है। ऐसे में पूरे रंग में चल रही विजयरथ पर सवाल भारत की पुरुष हॉकी टीम को अब सोमवार को पूल ए में अंतिम मैच में बांग्लादेश के लिए रोकना लगभग नामुमकिन है। बांग्लादेश अब तक चार में से दो ही मैच जीत पाई है। भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि उसके लिए उसके दोनों गोलरक्षकों पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक तथा जर्मनप्रीत सिंह व नीलकांत शर्मा को छोड़ उसके लिए 14 अलग-अलग खिलाडियों ने गोल किए हैं। भारत ने मौजूदा चैंपियन जापान के खिलाफ पूल मैच में 4-0 की बढ़त लेने के बाद अंतिम समय की जरा सी ढील सहित दो गोल खाने सहित चार मैचों में मात्र पांच गोल ही खाए हैं। भारत ने अब तक जो पांच में से चार गोल पेनल्टी कॉर्नर पर खाए हैं और उसके खिलाफ मात्र एक मैदानी गोल हुआ।

भारत के पूल ए में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम के लिए उससे अपना अपना मैच हारने वाली मौजूदा चैंपियन जापान और पाकिस्तान अंतिम पूल मैच से फैसला होगा। जापान और पाकिस्तान ने तीन तीन मैच जीते हैं और दोनों के समान रूप से नौ नौ अंक हैं लेकिन अपने बेहतर गोल अंतर के कारण जापान फिलहाल दूसरे स्थान पर है। जापान के लिए ऐसें ड्रॉ ही काफी जबकि पाकिस्तान के लिए हर हाल में जीत जरूरी है। भारत का ऐसे में सेमीफाइनल में पिछली बार की तरह एक फिर मलयेशिया से मुकाबला संभव है। मलयेशिया को पूल बी में शीर्ष पर रहने के लिए अपने अब तक चारों मैच जीतने वाली मेजबान चीन को पीछे छोडऩे के लिए उससे अंतिम मैच कितने गोल अंतर से जीतना है यह उसके खिलाफ उतरने से पहले ही मालूम हो जाएगा क्योंकि तब तक दक्षिण कोरिया भी ओमान के खिलाफ पूल बी में अपना अंतिम मैच खेल चुकी होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद के लंबे स्कूप पर भारतीय लिंकमैन शमशेर, स्ट्राइकर मनदीप, ललित उपाध्याय, गुरजंट व अभिषेक के लिए डी में गेंद पहुंचाने का जवाब अब तक तो इन खेलों में किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम के पास फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। भारत की मध्यपंक्ति में हमेशा की तरह आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह, अनुभवी मनप्रीत सिंह व विवेक सागर प्रसाद के साथ शमशेर सिंह लिंकमैन के रूप में खेलते हुए बराबर आगे अषिभेक ,मनदीप, गुरजंट व सुखजीत सिंह के लिए गेंद आगे बढ़ा दबाव बनाने की रणनीति अपनाई है वह उसका बतौर टीम मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है।




## लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर युजवेंद्र चहल का छलका दर्द

**नई दिल्ली**। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि अब ड्रॉप होने की आदत सी हो गई है। ये उनकी जिंदगी का हिस्सा हो चुका है। ये पहला मौका नहीं है जब चहल को टीम मैनेजमेंट ने नजरअंदाद किया है। इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है।

हालांकि, कोच और कप्तान ने इस फैसले के पीछे वजह बल्लेबाजी में गहराई लाना बताया है, लेकिन घरेलू सरजमीं पर युजवेंद्र चहल जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज को बाहर रखने के फैसले पर कई क्रिकेट दिग्गज ने भी हैरानी जताई है। अब, इस मुद्दे पर चहल ने खुलकर अपनी बात रखी है। चहल को 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक घरेलू धरती पर होने वाले विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली।

विजडन इंडिया ने चहल के हवाले से कहा, मैं समझता हूं कि केवल 15 खिलाड़ी ही इसका हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि यह एक विश्व कप है। जहां आप 17 या 18 को नहीं ले सकते। मुझे थोड़ा बुरा लगता है, लेकिन जीवन में मेरा उद्देश्य आगे बढ़ना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे अब इसकी आदत हो गई है...तीन विश्व कप हो गए हैं।




2019 के बाद से चहल आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने में कामयाब नहीं हुए हैं। 2016 में अपने डेब्यू के बाद से भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से चहल ने खेला था। उन्हें इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में 12 विकेट लिए थे। विश्व कप से उनका बाहर होना एक बड़ी चर्चा का विषय था। महान ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह जैसे कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि चहल को टीम में लिया जाना चाहिए था। इस बीच, चहल केंट के साथ तीन मैचों की काउंटी चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड चले गए और अब उनका ध्यान भारत के लिए टेस्ट खेलने का मौका पाने पर है।

चहल ने कहा, मैं यहां (केंट में) खेलने आया हूं क्योंकि मैं किसी भी तरह कहीं न कहीं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मुझे यहां लाल गेंद से मौका मिल रहा है और मैं गंभीरता से भारत के लिए लाल गेंद से खेलना चाहता हूं। इसलिए यह मेरे लिए एक अच्छा अनुभव था। टीम में अन्य स्पिन गेंदबाजों और भारत के वर्ल्ड कप सफर पर चहल ने कहा, निश्चित रूप से वे अच्छा कर रहे हैं और मैं इसकी सराहना करता हूं। मुख्य लक्ष्य यह है कि भारत जीते, क्योंकि यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। मैं टीम का हिस्सा हूं या नहीं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे चुनौती पसंद है और यह मुझे बताती है कि मुझे कड़ी मेहनत करने की ज़रूरत है ताकि मैं टीम में वापसी कर सकूं।

## लुइस सुआरेज ने फोर्टलेज़ा के खिलाफ ग्रेमियो के लिए अंक हासिल किया

**रियो डी जनेरियो**। लुइस सुआरेज के गोल की मदद से ग्रेमियो ने ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फोर्टालेजा को 1-1 से बराबरी पर रोका और एक अंक हासिल किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुभवी थियागो गैलार्डो ने हाफटाइम से ठीक पहले पेनल्टी स्पॉट से फोर्टलेज़ा को बढ़त दिला दी, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा ग्रेमियो अधिक एकजुट दिखे और दूसरे हाफ में कई मौकों के साथ गोल करने के करीब पहुंच गए। फिर, सुआरेज़ ने अंतिम क्षणों में मेजबान टीम के डिफेंस को तोड़ते हुए गोल दागा। ग्रेमियो ब्राज़ील की 20-टीम सीरी ए तालिका में 25 खेलों में 44 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, वह शीर्ष पर चल रहे बोटाफोगो से सात अंक पीछे है।

## निकहत जरीन को मुक्केबाजी में मिला कांस्य

**हांगझोउ**। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को रविवार को एशियाई खेलों के मुक्केबाजी मुकाबले के सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत की स्टार महिला मुक्केबाज निकहत को महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी के सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की चुथामात रक्सत के खिलाफ 3-2 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जरीन और रक्सत का आमना- सामना हुआ था और तब भारतीय मुक्केबाज शीर्ष पर रहीं थी।

निकहत जरीन और थाईलैंड की मुक्केबाज के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों मुक्केबाज शुरुआत से ही एक दूसरे पर हावी रहे। निकहत ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने हमले और बचाव पर खासा ध्यान दिया और बीच-बीच में उन्होंने कई पंच भी जड़े, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिन के अन्य मुकाबले में भारत की परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की सितोरा टर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस 23 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पहले एशियाई खेलों के पदक के साथ-साथ अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत के लिए कोटा भी हासिल कर लिया है।



## सार संक्षेप

### हमें विश्वास है कि टीम वर्ल्ड कप में कुछ खास कर सकती है : मिलर

**नई दिल्ली**। मिडिल ऑर्डर द.अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि मौजूदा टीम भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले विश्व कप में कुछ खास करने में सक्षम है। दक्षिण अफ्रीका अपने घर में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से सीरीज जीतकर वर्ल्ड कप के लिए आई है। वनडे क्रिकेट में अब तक सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने से चूकने वाली प्रोटियाज टीम 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। मिलर ने बीबीसी से कहा, हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि हम कुछ विशेष कर सकते हैं। वास्तविकता यह है कि हमने विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए, इस सच्चाई को नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, इससे हमारे खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह इस बारे में है कि आपके सामने क्या है...अगली गेंद, आपका अगला पल। मैं जानता हूं कि बाकी लोग भी इसी मानसिकता के हैं। हम इसे इतिहास रचने के मौके के तौर पर देख रहे हैं। यह कितना शानदार मौका है। अगर हम अच्छा खेलते हैं, तो हम जानते हैं कि हमारे पास शानदार मौका है। दक्षिण अफ्रीका पुरुषों की वनडे रैंकिंग में चौथी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में मेगा इवेंट में प्रवेश करेगा और शीर्ष 15 व्यक्तिगत रैंकिंग सूची में मिलर सहित पांच बल्लेबाज हैं। पिछले विश्व कप चक्र में मिलर का औसत 60.7 और स्ट्राइक रेट 114.15 है। वह भारतीय परिस्थितियों में अपने बल्लेबाजी समूह को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन दे रहे हैं।

### हांगझोऊ एशियाड में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से माहौल रोमांचक : प्रवक्ता

**हांगझोऊ**। एशियाई खेलों के खेल संचालन केंद्र के प्रवक्ता झू किनान ने रविवार को कहा कि हांगझोऊ एशियाई खेलों में आधा सफर पूरा हो चुका है और सभी खिलाड़ियों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है।

## नवनीत कौर के गोल से भारत की महिला टीम ने पिछड़ने के बाद द. कोरिया को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली**। अनुभवी आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के तीसरे क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एकमात्र गोल की बदौलत पिछले उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम ने पिछडऩे के बाद पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के पूल ए के अहम तीसरे मैच में रविवार को एक एक गोल की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। हाईजिन चू ने 11 वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर दक्षिण कोरिया को 1-0 से आगे कर भारत को चौंका दिया था। भारत और दक्षिण कोरिया ,दोनों के तीन तीन मैचों में दो-दो जीत और एक एक ड्रॉ के साथ समान रूप से साथ सात सात अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पूल ए में अभी भी शीर्ष पर है। दुनिया के सातवें नंबर की टीम भारत को अपना अंतिम पूल मैच मंगलवार को कमजोर हांगकांग के कारण खेलना और इसमें जीत के साथ उसके पूल ए में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। वहीं दक्षिण कोरिया और मलयेशिया के बीच अंतिम पूल ए के मैच से इसमें दूसरे स्थान पर रहने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

### ■ भारत का शीर्ष रह सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय


दक्षिण कोरिया ने रणनीति के तहत यह जानते हुए कि भारत की बड़ी ताकत दीपिका, वंदना कटारिया, ललरेमसिमयी , संगीता के रूप में उसकी अग्रिम पंक्ति है रविवार को उसके हमले नाकाम बीच में नाकाम करने लगाया। भारत को रविवार को रफ खेल खेलने वाले दक्षिण कोरिया के खिलाफ जो चार पेनल्टी कॉर्नर मिले भी उनका उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ठीक से लाभ नहीं उठा पाई। हाईजून चू ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर बहुत ही चतुराई से गेंद को गोल में डाल दक्षिण कोरिया को 1-0 से आगे कर भारत को चौंकाने के साथ उस पर दबाव बढ़ा दिया। रविवार के मैच में भारत की नवनीत कौर को मैच के 47 वें गलत ढंग से दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी को अपनी डी में बढने पर पीला कार्ड दखा मैदान से बाहर भेज दिया। नवनीत कौर ने तीसरे पेनल्टी कॉर्नर खेल पर तीसरा क्वॉर्टर पर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का के पुश पर गेंद को संभाल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। नवनीत कौर को गोल कर भारत को बराबरी दिलाने के तीन मिनट बाद रफ टैकल पर पीला कार्ड दिखा पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर भेज दिया। जब वह पांच मैदान पर वापस लौटी तो बराबरी पाने के लिए विजयदाई गोल के लिए अपनशे हमले तेज कर देने वाली भारतीय टीम की स्ट्राइकर को गलत ढंग से रोकने पर दक्षिण कोरिया के लिए एकमात्र गोल करने वाली हाईजून चू को पीला कार्ड दिखा कर नाजुक वक्त पर पांच मिनट के लिए मैदान भेज दिया। भारत ने आखिरी क्वॉर्टर में दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन इनमें वह किसी को गोल में बदलने और विजयदाई गोल करने में नाकाम रहा और मैच एक एक गोल की बराबरी पर खत्म हुआ।



## सुडोकू 6334 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

# कृषि जगत





# चिकनी तोरई की खेती कैसे करें, देखभाल और पैदावार

चिकनी तोरई कद्दूवर्गीय सब्जियों में अत्यन्त ही महत्वपूर्ण स्वास्थवर्धक और पौष्टिक गुणों से भरपूर सब्जी है। इसका अंग्रेजी नाम स्पान्ज गार्ड एवं वानस्पतिक नाम लूफा सिलेन्ड्रिका या लूफा इजिप्टिका है। इसकी खेती देश के लगभग सभी राज्यों में सुगमता पूर्वक की जाती है। चिकनी तोरई के कोमल मुलायम फलों को सब्जी के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके सूखे बीजों से तेल भी निकाला जाता है। फल में अधिक मात्रा में पानी होने के कारण इसकी तासीर ठंडी होती है। अन्य कद्दू वर्गीय सब्जियों की उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त करने के लिए यहां पढ़ें- कद्दू वर्गीय सब्जियों की उन्नत खेती कैसे करें, जानिए आधुनिक जानकारी



**उपयुक्त जलवायु**- चिकनी तोरई की खेती के लिए गर्म तथा आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। इसकी खेती ग्रीष्म (जायद) व वर्षा (खरीफ) दोनों ऋतुओं में सफलतापूर्वक की जाती है। इसकी खेती के लिए 32 से 38 डिग्री सेन्टीग्रेट तापमान सर्वोत्तम होता है।

**भूमि चयन** - चिकनी तोरई की खेती उचित जल निकास वाली जीवांशयुक्त सभी प्रकार की मृदाओं में की जा सकती है। अच्छी पैदावार के लिए बलुई दोमट या दोमट मिटटी अधिक उपयुक्त होती है। 6 से । पी एच स्तर वाली मिटटी इसकी खेती के लिए आदर्श होती है।

**उन्नत किस्में**

**काशी दिव्या**- इस चिकनी तोरई के तने की लम्बाई 4.5 मीटर, फल बेलनाकार, हल्के हरे व 20 से 25 सेंटीमीटर लम्बे होते हैं। फल बुवाई के 48 से 50 दिनों के बाद तुड़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। यह किस्म एन्छेक्नोज व डाउनी मिल्ड्यू के प्रति सहनशील है। इस किस्म की उत्पादन क्षमता 130 से 160 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**पूसा स्नेहा**- इस चिकनी तोरई किस्म के फल आकर्षक गहरे हरे एवं 20 से 25 सेंटीमीटर लम्बे होते हैं। बुआई के 50 से 55 दिन बाद फल तुड़ाई के लिए तौयार हो जाते है। इस किस्म की उत्पादन क्षमता 200 से 230 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**स्वर्ण प्रभा**- इस किस्म के फल मध्यम आकार के होते हैं। जिनकी लम्बाई 20 से 25 सेंटीमीटर व औसत फल भार 150 से 200 ग्राम होता है। यह किस्म चूर्णिल आसिता एवं मृदरोमिल आसिता रोगों के लिए प्रतिरोधी है। बुवाई के ।0 से ।5 दिन बाद फल तुड़ाई के लिए तौयार हो जाते हैं। इस किस्म की उत्पादन क्षमता 200 से 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**कल्याणपुर हरी चिकनी**- यह चिकनी तोरई की अगेती किस्म है। फल मध्यम आकार के पतले एवं गुदेदार होते है। फलों पर हल्की धारियाँ बनती है। पौधों पर फल अधिक दिन तक रहने के बाद भी मुलायम बने रहते हैं। इस किस्म की उत्पादन क्षमता 350 से 400 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**राजेन्द्र तोरई 1**- इस चिकनी तोरई किस्म के फल हरे सफेद होते हैं और फलों की लम्बाई 25 से 30 सेंटीमीटर होती है। बुवाई के 62 से 65 दिन में फल तुड़ाई योग्य हो जाते हैं। यह खरीफ एवं जायद दोनों ऋ्तुओं में उगाने के लिए उपयुक्त किस्म है। इसकी औसत उपज 200 से 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**पंत चिकनी तोरई 1**- इस चिकनी तोरई किस्म के फल हरे, बेलनाकार व लम्बे 25 सेंटीमीटर तक होते है। फल बुवाई के 25 दिन बाद तुड़ाई योग्य हो जाते है। इसकी उत्पादन क्षमता 140 से 1।0 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**खाद एवं उर्वरक**- चिकनी तोरई की अच्छी पैदावार के लिए 20 से 25 टन सड़ी गोबर की खाद खेत की तैयारी के समय खेत में मिलाते हैं। इसके अलावा 30 से 40 किलोग्राम नत्रजन, 25 से 30 किलोग्राम फास्फोरस तथा 25 से 30 किलोग्राम पोटाश की प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है। नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय खेत में डालते हैं। नत्रजन की शेष आधी मात्रा बुवाई के 30 से 40 दिन बाद टाप ड्रेसिंग के रूप में जड़ों के पास देना चाहिए।

**बुवाई का समय**- ग्रीष्म कालीन चिकनी तोरई फसल की बुवाई फरवरी से मार्च तथा वर्षाकालीन फसल की बुवाई जून से जुलाई में की जाती है।

**बीज की मात्रा**- एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में चिकनी तोरई की बुवाई के लिए 3 से 5 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है।

**बुवाई की विधि**- बुवाई के लिए नाली विधि सबसे उत्तम है। इस विधि में खेत की तैयारी के बाद 2.5 से 3.0 मीटर की दूरी पर 45 सेंटीमीटर चौड़ी तथा 30 से 40 सेंटीमीटर गहरी नालियाँ बना लेते हैं। इन नालियों के दोनों किनारों (मेड़ों) पर 50 से 60 सेंटीमीटर की दूरी पर बीज की बुवाई करते हैं। एक जगह पर कम से कम दो बीज लगाना चाहिए और बीज अंकुरण के बाद एक पौधा निकाल देते हैं।

**सिंचाई प्रबंधन**-चिकनी तोरई की वर्षाकालीन फसल के लिए सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है। वर्षा न होने की स्थिति में यदि खेत में नमी की कमी हो तो सिंचाई कर देनी चाहिए। ग्रीष्मकालीन फसल की पैदावार सिंचाई पर ही निर्भर करती है। गर्मियों में 5 से 6 दिनों के अन्तराल पर सिंचाई करते रहना चाहिए।

**पौधों को सहारा देना**-सामान्यतया ग्रीष्मकालीन फसल में पौधों को चढ़ाने की आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन वर्षा कालीन फसल में पौधों को बढ़ने के साथ ही ट्रेलिस या पण्डाल बनाकर चढ़ा देना चाहिए इससे गुणवत्तायुक्त तथा अधिक उपज प्राप्त होती है।

**खरपतवार नियंत्रण**-चिकनी तोरई फसल के खेत को खरपतवार मुक्त रखने के लिए अन्त: सस्य क्रियाएं जैसे निराई, गुड़ाई इत्यादि समय-समय पर करते रहना चाहिए।

**पलवार का प्रयोग**-चिकनी तोरई की बुवाई के बाद खेत में पलवार (मल्च) का प्रयोग करना लाभप्रद होता है। इससे मिटटी का तापमान बढ़ने व नमी संरक्षित होने के कारण बीजों का जमाव अच्छा होता है और खेत में खरपतवार नहीं उग पाते जिसके फलस्वरूप पैदावार पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

**कीट एवं रोकथाम**-रेड पम्पकिन बिटिल (कद्दू का लाल कीट)- इस कीट के प्रौढ व सुड़ियाँ दोनों ही चिकनी तोरई फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके प्रौढ़ कीट छोटे पौधों की मुलायम पत्तियों को खा जाते हैं, जिससे पौधे पत्ती रहित हो जाते हैं। इसकी सूड़ियाँ जमीन के नीचे पौधों की जड़ों एवं तनों में छेदकर देते है, जिससे पौधे मर जाते है।

**रोकथाम**- संक्रमण के समय कार्बारिल 80 डब्ल्य पी का 1 किलोग्राम सक्रिय तत्व (कार्बारिल घुलनशील चूर्ण 2 ग्राम प्रति लीटर पानी) या डाइक्लोरवास ।0 ई सी की 1 से 1.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के घोल का बीजपत्रीय अवस्था में छिड़काव करें। खेत में सूड़ियों के गम्भीर संक्रमण के समय क्लोरपाइरोफास के 2 से 3 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के घोल से मिटटी को अच्छी तरह तर कर दें और छिड़काव से पहले खाने योग्य फल की तुड़ाई अवश्य कर लें।



# कब और कैसे होती है फूलगोभी की खेती?

फूलगोभी की खेती जुलाई-अगस्त में होती है। इसकी खेती अभी से शुरू करेंगे तो ठंड की शुरुआत से पहले ही यानी सितंबर-अक्टूबर तक फसल तैयार हो जाएगी। यह फसल बरसात में लगती है, इसलिए ध्यान रखें कि खेत में पानी ना रुके। साथ ही गोभी की रोपाई से पहले खेत की जुताई भी अच्छे से करें और गोबर की खाद भी जरूर डालें। ध्यान रहे, फूलगोभी की खेती बहुत ही नाजुक होती है, जिसे पूरे ध्यान से नहीं किया गया तो एक छोटी सी गलती से भी बड़ा नुकसान हो सकता है। फूलगोभी की खेती ठंड में होती है, इसलिए ठंड में आवक बढ़ने से दाम गिर जाते हैं। सीजन से पहले ही आपकी उन्नत किस्म की फूलगोभी की फसल तैयार हो जाने की वजह से वह अच्छे दाम में बिकेगी। उन्नत किस्म की फूल गोभी के बीज 15-20 हजार रुपये में 100 ग्राम के करीब मिल जाएंगे, जो एक एकड़ के लिए पर्याप्त होंगे। इसके अलावा आपको रोपाई के लिए मजदूरी, निराई-गुड़ाई, कीड़ों की दवा, खाद आदि पर खर्च करना होगा।

इन सब में भी करीब 25-30 हजार रुपये तक का खर्च आ सकता है। यानी कुल मिलाकर आपका खर्च करीब 50 हजार रुपये प्रति एकड़ तक आ सकता है। हालांकि, खेत आपका अपना होना चाहिए, वरना खेत भी ठेके पर लेना होगा, जिसमें आपको एक फसल यानी 6 महीने के लिए प्रति एकड़ 25-30 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।

अगेती फूल गोभी की खेती में प्रति एकड़ करीब 100 कुंटल की पैदावार मिलती है। ठंड से पहले गोभी की कीमत काफी अधिक होती है। खुदरा बाजार में ये 30-40 रुपये प्रति किलो तक बिकती है। ऐसे में मंडियों में आपकी गोभी 20-25 रुपये प्रति किलो तक आसानी से बिकेगी। यानी एक एकड़ अगेती फूलगोभी की खेती से आपको 2-2.5 लाख रुपये तक की कमाई होगी। इसमें से अगर खेती पर हुआ 50 हजार रुपये का खर्च निकाल दें, तो भी आपको 2 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा होगा।

# परवल की खेती कैसे की जाती है



परवल सब्जी की फसलो में आता है, इसकी खेती बहुवर्षीय की जाती है। इसे ज्यादातर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल में उगाया जाता है। लेकिन असम, ओडिसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्रा एवं गुजरात के कुछ भागो में इसकी खेती की जाती हैपरवल की खेती -

परवल सब्जी की फसलो में आता है, इसकी खेती बहुवर्षीय की जाती हैढ्ढ इसे ज्यादातर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल में उगाया जाता है। लेकिन असम, ओडिसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्रा एवं गुजरात के कुछ भागों में इसकी खेती की जाती है। इसके साथ ही बिहार की दियार भूमि तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के रैनफेड क्षेत्र में अत्याधिक खेती की जाती है। इसमे विटामिन ए एवं सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। परवल की खेती गर्म एवं नम जलवायु वाले क्षेत्रो में अच्छी तरह से की जाती है। इसको ठंडे क्षेत्रो में न के बराबर उगाया जाता है। सर्दियों में इसमे बढ़वार नहीं होती है, इसकी खेती हेतु जीवांशयुक्त बलुई दोमट समुचित जल निकास वाली भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है।

परवल में दो प्रकार की प्रजातियां पाई जाती है, प्रथम क्षेत्रीय प्रजातियां जैसे की बिहार शरीफ, डंडाली, गुल्ली, कल्यानी, निरिया, संतोखिया एवं सोपारी सफेदा आदि है द्वितीय उन्नतशील प्रजातियां जैसे की एफ. पी.1, एफ. पी.3, एफ. पी.4, एच. पी.1, एच. पी.3, एच. पी.4 एवं एच. पी.5 है इसके साथ ही छोटा हिली, फैजाबाद परवल 1 , 3 , 4 तथा चेस्क सिलेक्शन 1 एवं 2 इसके साथ ही चेस्क हाइब्रिड 1 एवं 2 तथा स्वर्ण अलौकिक, स्वर्ण रेखा तथा संकोलिया आदि है।

परवल की खेती ज्यादातर मेड़ों आदि के किनारे की जाती है, समतल खेतो में भी की जा सकती है फिर भी खेत की तैयारी में पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करके दो-तीन जुताई देशी हल या कल्टीवेटर से करना चाहिए। जुताई के बाद पाटा लगाकर खेत को समतल करते हुए भुरभुरा बना लेना चाहिए। जहां मेड़ों के किनारे करते है वहां पर गड्ढे 1.5 मीटर लंबा, 1.5 मीटर चौड़ा एवं 60 से 90 सेंटीमीटर गहरे तैयार किये जाते है गड्ढो में भी आख़िरी में गोबर की खाद आदि डालकर तैयार कर लेते है। यदि समतल खेत में फसल उगानी है तो आख़िरी जुताई में 200 से 250 कुंतल सड़ी गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से मिला देना चाहिए।

परवल में कटिंग या जड़ो की संख्या रोपाई के अनुसार रोपाई की दूरी पर जैसे एक मीटर गुणे डेढ़ मीटर दूरी पर 4500 से 5000 तथा एक मीटर गुणे दो मीटर की दूरी पर 3500 से 4000 कटिंग या टुकड़े प्रति हेक्टेयर लगते हैढ्ढ कटिंग या टुकड़ो की लम्बाई एक मीटर से डेढ़ मीटर तथा 8 से 10 गांठो वाले टुकड़े रखते है तथा गड्ढो या नालियो की मेड़ों पर 8 से 10 सेंटीमीटर तथा समतल भूमि पर 3 से 5 सेंटीमीटर गहराई पर गाड़ते है। मादा एवं नर का अनुपात 10:1 का कटिंग में रखते है।

परवल की फसल हेतु 200 से 250 कुंतल प्रति हेक्टेयर की दर से सड़ी गोबर की खाद खेत तैयारी के समय आख़िरी जुताई में अच्छी तरह मिला देना चाहिए इसके साथ ही 90 किलोग्राम नत्रजन, 60 किलोग्राम फास्फोरस तथा 40 किलोग्राम पोटाश तत्व के रूप में प्रति हेक्टेयर देना चाहिए। नत्रजन की आधी मात्रा एवं फास्फोरस व् पोटाश की पूरी मात्रा गड्ढों या नलियों में खेत तैयारी के समय देना चाहिए। तथा नत्रजन की आधी मात्रा फूल आने की अवस्था में देना चाहिए इसके बाद भी दूसरे एवं तीसरे साल भी सड़ी गोबर की खाद प्रति वर्ष रैटूनिंग या खड़ी फसल में फल आने की अवस्था पर देना चाहिए। आवश्यकतानुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश का मिश्रण भी प्रयोग करना चाहिय।

कटिंग या जड़ो की रोपाई के बाद नमी के अनुसार सिंचाई करनी चाहिए यदि आवश्यकता पड़े तो 8 से 10 दिन के अंदर पहली सिंचाई करनी चाहिए। लेकिन जाड़ो के दिनों में 15 से 20 दिन बाद तथा गर्मियों में 10 से 12 दिन बाद सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है।

परवल की रोपाई के बाद किल्ले आने पर सिंचाई के बाद निराई-गुड़ाई करके खेत को साफ़ रखना चाहिए। शुरू में अधिक निराई-गुड़ाई की आवश्यकता पड़ती है। पूरे साल निराई-गुड़ाई करने पर फलों की फलत अच्छी रहती हैढ्ढ जिससे की पैदावार अधिक मिलती है। इसके साथ ही पुवाल की मल्चिंग रोपाई के बाद करनी चाहिए इससे स्प्राउट अर्थात किल्ले अच्छे निकलते है।

परवल में फफूंदी वाले रोग लगते है जैसे की पाउडरी मिल्ड्यू फफूंदी, डाउनी मिल्ड्यू फफूंदी, सर्कोस्पोरा धब्बा रोग तथा विषाणु रोग लगते है इसकी रोकथाम के लिए प्रमाणित जगह से कटिंग लेना चाहिए। फसल चक्र अपनाना चाहिए इसके साथ ही कोषावेट गंधक दो ग्राम प्रति लीटर पानी में या कैरोथिन एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर 3 से 4 छिड़काव 10 से 15 दिन के अंतराल पर करना चाहिएढ्ढ विषाणु रोग की रोकथाम के लिए स्टेप्टोमायसीन 400 पी.पी.एम का छिड़काव 10 दिन के अंतराल पर दो बार करना चाहिए।

इसमे माहू, बत्र कीट, कुकरबिट माइट तथा रेड पम्पकिन बीटल कीट लगते है इनकी रोकथाम के लिए मैलाथियान 0.1 प्रतिशत या मेटासिस्टॉक्स 0.1 से 0.2 प्रतिशत या कार्बराईल 0.1 से 0.2 प्रतिशत या रोगोर 0.1 से 0.2 प्रतिशत का छिड़काव करना चाहिए साथ ही ग्रसित पौधों को उखाड़कर अलग कर देना चाहिए।

फसल में जब खाने योग्य फल मिलाने लगे तो फलों की तुड़ाई करनी चाहिए फल बनना शुरू होने के 15 से 18 दिन बाद तुड़ाई करनी चाहिए। जब तुड़ाई शरू हो जावे तो इसके बाद प्रति सप्ताह फसल में फलों की तुड़ाई करनी चाहिए जिससे की बीज फलों में कड़े न हो सके साथ ही बाजार भाव भी अच्छा मिल सके।

उपज कटिंग की रोपाई के तरीको के आधार पर पैदावार अलग-अलग प्राप्त होती है । सामान्य रूप से पहले साल फसल से पैदावार 75 से 90 कुंतल प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है तथा अगले सालो में रैटूनिंग के द्वारा चार साल तक 150 से 175 कुंतल प्रति हेक्टर पैदावार प्रति वर्ष प्राप्त होती है । इसके साथ ही बिहार की दियार भूमि तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के रैनफेड क्षेत्र में अत्याधिक खेती की जाती है। इसमे विटामिन ए एवं सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। परवल की खेती गर्म एवं नम जलवायु वाले क्षेत्रो में अच्छी तरह से की जाती है। इसको ठंडे क्षेत्रो में न के बराबर उगाया जाता है। सर्दियों में इसमे बढ़वार नहीं होती है, इसकी खेती हेतु जीवांशयुक्त बलुई दोमट समुचित जल निकास वाली भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है।

परवल में दो प्रकार की प्रजातियां पाई जाती है, प्रथम क्षेत्रीय प्रजातियां जैसे की बिहार शरीफ, डंडाली, गुल्ली, कल्यानी, निरिया, संतोखिया एवं सोपारी सफेदा आदि है द्वितीय उन्नतशील प्रजातियां जैसे की एफ. पी.1, एफ. पी.3, एफ. पी.4, एच. पी.1, एच. पी.3, एच. पी.4 एवं एच. पी.5 है इसके साथ ही छोटा हिली, फैजाबाद परवल 1 , 3 , 4 तथा चेस्क सिलेक्शन 1 एवं 2 इसके साथ ही चेस्क हाइब्रिड 1 एवं 2 तथा स्वर्ण अलौकिक , स्वर्ण रेखा तथा संकोलिया आदि है।

# गाजर की खेती की जानकारी



गाजर एक महत्वपूर्ण जड़वाली सब्जी की फ़सल है ढ्ढ गाजर की खेती पूरे भारतवर्ष में की जाती है गाजर को कच्चा एवं पकाकर दोनों ही तरह से लोग प्रयोग करते है गाजर में कैरोटीन एवं विटामिन ए पाया जाता है जो कि मनुष्य के शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है नारंगी रंग की गाजर में कैरोटीन की मात्रा अधिक पाई जाती है गाजर की हरी पत्तियों में बहुत ज्यादा पोषक तत्व पाये जाते है जैसे कि प्रोटीन, मिनिरल्स एवं विटामिन्स आदि जो कि जानवरों को खिलाने पर लाभ पहुंचाते हैं गाजर की हरी पत्तियां मुर्गियों के चारा बनाने में काम आती है गाजर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, असम, कर्नाटक, आंध्रा प्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा में उगाई जाती है।

**जलवायु**- गाजर मूलत ठंडी जलवायु कि फसल है इसका बीज 7.5 से 28 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सफलतापूर्वक उग सकता है जड़ों कि बृद्धि और उनका रंग तापमान से बहुत अधिक प्रभावित होता है 15-20 डिग्री तापमान पर जड़ों का आकार छोटा होता है परन्तु रंग सर्वोत्तम होता है विभिन्न किस्मों पर तापमान का प्रभाव - भिन्न भिन्न होता है यूरोपियन किस्मों 4-6 सप्ताह तक 4.8 -10 डिग्री से 0 ग्रेड तापमान को जड़ बनते समय चाहिए ढ्ढ

**भूमि** -गाजर की खेती दोमट भूमि में अच्छी होती है। बुआई के समय खेत की मिट्टी अच्छी तरह भुरभुरी होनी चाहिए जिससे जड़ें अच्छी बनती है भूमि में पानी का निकास होना अतिआवश्यक है।

**भूमि कि तैयारी**- शुरू में खेत को दो बार विक्ट्री हल से जोतना चाहिए, इसके 3-4 जुताइयाँ देशी हल से करें प्रत्येक जुताई के उपरांत पाटा अवश्य लगाएं , ताकि मिटटी भुरभुरी हो जाए 30 सेमी 0 गहराई तक भुरभुरी होना चाहिए।

**उत्तम क़िस्में**

**पूसा केसर**- यह लाल रंग की उत्तम गाजर की क़िस्म हैञ्। पत्तियां छोटी एवं जड़ें लम्बी, आकर्षक लाल रंग केन्द्रीय भाग व संकरा होता है। फ़सल 90-110 दिन में तैयार हो जाती है। पैदावार - 300-350 क्विंटल प्रति हेक्टेअर होती है।

**घाली**- यह नारंगी गूदे, छोटी टॉप तथा कैरोटीन की अधिक मात्रा वाली संकर प्रजाति है। अगेती बुआई, अगस्त-सितम्बर तक इसकी बुआई अक्तुबर तक कर सकते हैं। मैदान में बीज उत्पन्न होता है। फ़सल बोने के 100-110 दिन में तैयार हो जाती है पैदावार 250-300 क्विंटल प्रति हेक्टेअर होती है।

**पूसा यमदाग्नि**- यह प्रजाति आई0 ए0 आर0 आई0 के क्षेत्रीय केन्द्र कटराइन द्धारा विकसित की गयी है। इसकी पैदावार 150-200 क्विंटल प्रति हेक्टेअर होती है।

**नैन्टस**- इस क़िस्म की जडें बेलनाकार नांरगी रंग की होती है। जड़ के अन्दर का केन्द्रीय भाग मुलायम, मीठा और सुवासयुक्त होता है। 110-112 दिन में तैयार होती है। पैदावार 100-125 क्विंटल प्रति हेक्टेअर होती है।

**बुआई का समय**- मैदानी इलाकों में एशियाई क़िस्मों की बुआई अगस्त से अक्टूबर तक और यूरोपियन क़िस्मों की बुआई अक्टूबर से नवम्बर से करते हैं।

**बीज की मात्रा**- एक हेक्टेअर क्षेत्र के लिए 6-8 कि.ग्रा. बीज की आवश्यकता पड़ती है।

**बुआई और दूरी**- इसकी बुआई या तो छोटी-छोटी समतल क्यारियों में या 30-40 से0मी0 की दूरी पर मेंड पर करते हैं।

**निराई-गुड़ाई व सिंचाई**- बुआई के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। पहली सिंचाई बीज उगने के बाद करें। शुरू में 8-10 दिन के अन्तर पर तथा बाद के 12-15 दिन के अन्तर पर सिंचाई करें।

# सरसों की खेती करें अधिक लाभ कमाएं

पीली क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस बार यह क्रांति तिलहन पौधों के उत्पादन के लिए है। इस क्रांति की शुरुआत सरसों के उत्पादन के द्वारा होगी जिसे जल्द ही देश के सबसे ज्यादा उगाए जाने वाले तिलहन के रूप में प्रतिष्ठित किया जा सकता है। यह उस चर्चा के प्रतिफल के रूप में सामने आया है जिसे खाद्य तेल उद्योग के अनुभवी सदस्यों और शासन के संबध अधिकारियों द्वारा एक वेबिनार के रूप में सॉल्वेन्ट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया।

एसईए लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है जिससे घरेलू तिलहन के उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य तेल के क्षेत्र में भारत की आयात निर्भरता को कम से कम किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए एसईए ने मस्टर्ड मिशन की शुरुआत की है जिसके द्वारा 2025 तक भारत में सरसों के उत्पादन को 20 मिलियन टन तक बढ़ाये जाने की योजना है। कृषि के तरीके में सुधार, सही तकनीक के इस्तेमाल, गुणवत्तायुक्त बीज और दूसरे इनपुट प्रबंधन के द्वारा इसे हासिल किया जा सकता है। ये बातें एसईए के प्रेसिडेंट अतुल चतुर्वेदी ने कही।

**सरसों की खेती में मुनाफा अधिक**- इस मौके पर बोलते हुए डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के सेक्रेटरी सुधांशु पाण्डेय ने कहा कि इसकी व्यावसायिक क्षमता और स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण सरसों में यह बड़ी क्षमता है कि भारत के समूचे तिलहन उत्पादन को बढ़ावा दे सके। सरसों की खेती में मुनाफा सबसे अधिक 31 हजार रूपये हेक्टेयर आता है जबकि गेहूं में 26 हजार रूपये और चावल में केवल 22 हजार रूपये का रीटर्न मिलता है। सरसों की मोजूदा कीमतों ने ये मुनाफे को कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि उद्योग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि किसान अपना उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाते हैं तो श्रम के अनुसार उपयुक्त लाभ किसानों को मिल सके। सरकार भी सरसों के उत्पादन को बढ़ाने को लेकर उत्साहित है और मस्टर्ड मिशन की



सरकार के द्वारा पहले ही शुरुआत की जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का ध्यान इस ओर भी है कि सरसों के अलावा प्रति एकड़ तिलहन के अंदर आने वाले फसलों जैसे मूंगफली के उत्पादन को बढ़ाया जाए और चावल की खेती के बाद परती भूमि का सदुपयोग अंतर-फसल कृषि को बढ़ावा देकर किया जा सके।

**उत्पादकता में वृद्धि**- एसईए और सोलिडरिडैड के द्वारा वर्ष 2019 से संयुक्त रूप से राजस्थान में विकसित मॉडल सरसों फार्म के परिणाम स्वरूप उत्पादकता में 49त्न की वृद्धि देखी गई है , जिसमें बेहतर, बेहतर बीज और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। कोविड के बाद की दुनिया में भी सरसों को इसके स्वास्थ्यवर्धक गुणों जैसे ओमेगा -3 और मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट की मात्रा के कारण सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला तिलहन के रूप में देखा जा रहा है।

सरसों में तेल की मात्रा सोयाबीन के 18 प्रतिशत की तुलना में 40⁄ प्रतिशत है जो कि बहुत ज्यादा है।

इसमें 36 प्रतिशत प्रोटीन होता है और जलवायु के हिसाब से भी अधिक उपयुक्त फसल है जिसे पानी की आवश्यकता बहुत कम होती है। भारत की 130 करो? की आबादी में से 80 करो? लोग खाना पकाने के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं , यह बात अडानी विल्मर लिमिटेड के सीईओ और एमडी अंगुशु मलिक ने कही।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मध्यप्रदेश को ₹19,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात



## 2.21 लाख पीएम आवासों का "गृह प्रवेशम्"

एवं

पीएम आवास (शहरी) में

1355 आवासों व अन्य इकाइयों का "लोकार्पण"

एवं

5 राष्ट्रीय राजमार्ग

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर

ग्वालियर, श्योपुर की 3 जल जीवन मिशन परियोजनाएं

आईआईटी इंदौर छात्रावास एवं अन्य भवन

9 शहरों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का

**शिलान्यास**

तथा

दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस-वे

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ग्वालियर, रतलाम परियोजनाएं

विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन तथा आईआईटी इंदौर अकादमिक भवन

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेन्टर, ग्वालियर

38 कि.मी. ग्वालियर-सुमावली रेलवे लाइन परिवर्तित आमान का

**लोकार्पण**

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा

**2 अक्टूबर, 2023 । दोपहर 3:30 बजे । ग्वालियर, मध्यप्रदेश**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

**मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर**
विभिन्न परिवहन सेवाओं की एकीकृत सुविधा के निर्माण से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन एवं 15 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गारों का सृजन

**राष्ट्रीय राजमार्ग**
144 कि.मी. लंबी सड़कों के निर्माण से सुगम यातायात एवं सुरक्षित आवागमन संभव, किसानों को उपज के विक्रय में सुविधा

**जल जीवन मिशन परियोजनाएं**
ग्वालियर और श्योपुर जिलों के 723 गांवों को स्वच्छ जल, वर्ष 2025 तक 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल का लक्ष्य

**क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक**
9 शहरों के शासकीय अस्पतालों में कुल 450 बिस्तरों की बढ़ोत्तरी से चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि

**दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे**
औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा, रोज़गार के अवसरों का सृजन एवं बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों को लाभ

**विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन**
1132 एकड़ में बहु-उत्पाद औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सुविधाओं के विकास से निवेश को बढ़ावा

**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर, ग्वालियर**
विकास के सक्षम वातावरण के साथ दिव्यांग बच्चों को खेलों में प्रोत्साहन और प्रशिक्षण के अवसर

**ग्वालियर-सुमावली रेलवे आमान परिवर्तन**
38 कि.मी. आमान परिवर्तन एवं नई यात्री ट्रेनों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र सीधे रेल सेवा से जुड़ेंगे, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच होगी आसान

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11131/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023